
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-307 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
08 नवंबर 2024 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



3 आईपीएल टीमों के ...
@ पेज 7

## कुछ भी कर लो, जम्मू-कश्मीर में 370 इतिहास ही रहेगा

● फिर विधानसभा में यों हो रही लड़ाई, बीजेपी का हंगामा जारी ● दो संविधान और दो निशान के खात्मे पर लगी है 'सुप्रीम' मुहर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगातार दूसरे दिन अनुच्छेद-370 को लेकर हंगामा हुआ। बुधवार को बीजेपी के विरोध के बीच जम्मू-कश्मीर के विधानसभा में 370 दोबारा लागू करने का प्रस्ताव पास हो गया। यह प्रस्ताव केंद्रशासित प्रदेश के डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी ने रखा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यह बड़ी चालाकी से इस बिल के प्रस्तावक चुनने में संकेतों का इस्तेमाल किया। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी हिंदू हैं और जम्मू के नौशेरा से चुने गए हैं। दूसरे दिन विधायक खुर्शीद



अहमद शेख अनुच्छेद 370 पर बैनर लेकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद विधानसभा में हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। अब हंगामे के कारण अब कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या 370 को दोबारा लागू किया जा सकता है। अगर नहीं तो केंद्रशासित प्रदेश की नई सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव क्यों पारित किया। बीजेपी का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसे दोबारा लागू नहीं किया जा सकता है। यह दावा सही है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों बेंच की मुहर लग चुकी है। 11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने को वैध बताया था।

## वायुसेना के पहले तेजस मार्क 1ए में हो रही देरी

● इंजन अमेरिकी कंपनी बना रही; विमान एचएएल के जिम्मे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना को पहले एलसीए मार्क-1ए फाइटर जेट (तेजस) विमान के लिए अभी और इंतजार करना होगा। इस विमान को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) बना रहा है। इंजन की सप्लाई अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक करेगी। जनरल इलेक्ट्रिक्स ने पहले फरवरी-मार्च में डिलीवरी का वादा किया था। फिर अक्टूबर तक



सप्लाई की बात की। मगर इसमें अभी और देरी है। वहीं हॉल विमान और एयरफ्रेम पर काम कर रहा है। इंजन आते ही एयरक्रॉफ्ट की पहली खेप तैयार कर ली जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार

## सलमान के बाद शाहरुख को जान से मारने की धमकी

● रायपुर से फैजान का आया फोन कॉल, मुंबई पुलिस छत्तीसगढ़ रवाना

**मुंबई (एजेंसी)।** सलमान खान को लगातार मिल रही धमकियों के बीच अब शाहरुख खान को भी जान से मारने की धमकी मिली है। बांद्रा थाने में धमकी को लेकर केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि रायपुर के रहने वाले फैजान नाम के शख्स ने दी धमकी दी है। शाहरुख खान को धमकी भरा फोन आया और उन्हें जान से मारने की बात कही गई। इस मामले के तुरंत बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मुंबई पुलिस



जांच के लिए रायपुर पहुंची है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने फोन करने वाले का नाम पता ट्रेस कर लिया है। पुलिस जांच में कोई कोताही नहीं बरतना चाहती है। नंबर ट्रेस करने पर रायपुर का पता मिला है। पुलिस यह भी छानबीन कर रही है कि ये शरारती तत्वों काम है या फिर फिर इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। कहा जा रहा है कि इस घटना के बारे में रायपुर पुलिस को पहले ही मुंबई पुलिस इत्तेलाह कर चुकी है। हालांकि, वहीं रायपुर के एसएसपी संतोष कुमार सिंह की तरफ से कहा गया है कि मुंबई पुलिस की तरफ से उन्हें वहां से किसी तरह के फोन कॉल की जानकारी अभी नहीं दी गई है। बता दें कि अब पुलिस फैजान को रिमांड पर लेकर मुंबई लेकर आएगी।

## देश के दस बड़े लैबों में हो रही 'फंगस' की जांच

### एमपी के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई थी 10 हाथियों की मौत

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 जंगली हाथियों की मौत एक विशेष प्रकार के कवक (फंगस) के कारण हुई है। जांच रिपोर्ट में यह साफ है कि हाथियों की मौत इसी फंगस से हुई है लेकिन इस फंगस की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। यही मध्य प्रदेश वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।



अधिकारी इस मामले की जांच के लिए देश की 10 बड़ी प्रयोगशालाओं, जिनमें हैदराबाद का लैब भी शामिल है, से रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह तो साफ है कि कवक से निकलने वाले जहर ने इन हाथियों को मार डाला, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह जानना भी उतना ही जरूरी है कि यह किस प्रकार का फंगस है। दूसरे राज्य जहां सैकड़ों हाथी हैं, वे भी इन रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट में यह साफ हुआ है कि कोदो फसल, खासकर उसके फंगस में विषाक्त पदार्थों के कारण हाथियों की मौत हुई है।

## जेट एयरवेज के फिर से शुरू होने की हर संभावना खत्म

### सुप्रीम कोर्ट ने एयरलाइन की सभी संपत्तियों को बेचने का दिया आदेश, 2019 से बंद है एयरलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बंद पड़ी एयरलाइन जेट एयरवेज के लिक्विडेशन का आदेश दे दिया है। कोर्ट का कहना है कि इस मामले में एनसीएलएटी का फैसला शीर्ष अदालत के जनवरी 2023 के फैसले की घोर अवहेलना है। कोर्ट के मुताबिक एनसीएलएटी ने जेट एयरवेज के रेजॉल्यूशन एप्लिकेंट जालान-कालरॉक कंसोर्टियम की 150 करोड़ रुपये की परफॉरमेंस बैंक गारंटी के समायोजन की अनुमति देकर न्यायालय के जनवरी 2023 के आदेश की अवहेलना की




है। समाधान प्रस्ताव के मुताबिक एयरलाइन में 350 करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत थी। एनसीएलएटी ने परफॉरमेंस बैंक गारंटी को इसके अगेंस्ट एडजस्ट करने की अनुमति दी थी। नरेश गोयल के नेतृत्व वाली एयरलाइन कभी भारत की प्रमुख एयरलाइन थी लेकिन 2019 से ही इसका परिचालन बंद है। एनसीएलएटी ने जेट का मालिकाना हक यूके की कंपनी कालरॉक कैपिटल के पास है।


### पीएम मोदी के जीरो टॉलरेंस नारे को दुनिया ने अपनाया

## शाह बोले-आतंकवाद के खिलाफ देश में मजबूत इकोसिस्टम बना

● आतंकियों की उम्र पहले से घटी, उठाए गए कई सख्त कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दो -दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 का इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाए है।

इससे आतंकवाद से लड़ने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नारे को केवल भारत ने ही नहीं पूरी दुनिया ने अपनाया है। अमित शाह ने आगे कहा कि ये सम्मेलन भारत के सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए सिक्योरिटी एजेंसियों के बीच तालमेल को बढ़ाएगा। दिल्ली



में चल रहे नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के इस सम्मेलन में पिछले कुछ सालों से आतंकवाद के खिलाफ हुई कार्रवाई में आई समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीनियर पुलिस अधिकारी, स्पेशल सिक्योरिटी एजेंसी, फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट शामिल होंगे। शहीदों के परिवारों को धन्यवाद दिया सम्मेलन में संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल बीत चुके हैं।

## 2036 ओलंपिक भारत को मिल सकती है मेजबानी


### गुजरात बना प्रबल दावेदार, रिंग ऑफ यूनिटी बनेगी, जहां योग-गरबा कर सकेंगे

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास 6 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेंगे, प्रोजेक्ट 3 लाख करोड़ का संभव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने ओलिंपिक-2036 के लिए अपनी दावेदारी दर्ज करा दी है। भारतीय ओलिंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक परिषद को पत्र लिखा है। अगर भारत की दावेदारी सफल रही तो गुजरात के अहमदाबाद को 2036 ओलिंपिक की मेजबानी मिल जाएगी। यह ऐतिहासिक मौका होगा, क्योंकि भारत पहली बार ओलिंपिक की मेजबानी करेगा। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम के



आसपास 6 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट 3 लाख करोड़ रुपए का हो सकता है। ओलिंपिक 2036 के लिए 4600 करोड़ की लागत से 215 एकड़ में सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव बनाया जा रहा है, जो ओलिंपिक का मुख्य फोकस पॉइंट होगा। गुजरात सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उद्घाटन समारोह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्लानिंग 2036 की जरूरतों



और लोगों की क्षमता को देखते हुए ही की गई है। अंतरराष्ट्रीय और पर्यावरणीय मानकों की भी स्टडी की गई है। साल 2036 में होने वाले ओलिंपिक के लिए 6,000 से 10,000 लोगों की कैपेसिटी वाला मल्टीपर्पज एरेना तैयार किया जाएगा।

## पूरी दुनिया मोदी को प्यार करती है, भारत एक अद्‌भुत देश

● जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी से बोले ट्रंप, की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत की और उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर फिर से बधाई दी। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति के लिए साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया उन्हें प्यार करती है। उन्होंने भारत को एक महान देश और पीएम मोदी को एक महान नेता बताया। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक



सच्चा मित्र माना और कहा कि पीएम मोदी उनके चुनावी जीत के बाद सबसे पहले संपर्क करने वाले विश्व नेताओं में से एक हैं। पीएम मोदी ने कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ सार्थक बातचीत हुई, उनकी शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। प्रौद्योगिकी, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बार फिर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि पूरी दुनिया उन्हें प्यार करती है, भारत एक अद्‌भुत देश है और वह एक शानदार व्यक्ति हैं।

## सीएम बनना मेरा टारगेट नहीं महायुति की जीत ज्यादा जरूरी

● चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे का बड़ा बयान, कहा-मुख्यमंत्री पद के लिए कोई होड़ नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कहना है कि महायुती में सीएम पद के लिए कोई लॉबिंग नहीं है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि महायुति की प्राथमिकता सत्ता में वापसी है। हम एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए मुख्यमंत्री पद के लिए कोई होड़ नहीं है। मुख्यमंत्री बनना मेरा लक्ष्य नहीं है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में महायुति को काफी नुकसान हुआ था, लेकिन सीएम शिंदे को अपनी कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर जोर देने से सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए चुनाव जीतने की उम्मीद है। शिंदे की शिवसेना 288 सीटों में से 85 पर चुनाव लड़ रही है।



## 'महारानी' की आहट से सियासी गलियारों में मच गई हलचल

### उपचुनाव में प्रचार से फिर दिखेगा वसुंधरा राजे का जलवा!

### झुंझुनू के भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में होगी सभा

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में 13 नवंबर को 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के तहत मतदान होंगे। इसको लेकर सियासत में जमकर उठा पटक देखने को मिल रही है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एक बार फिर राजस्थान की सियासत में ऐक्टिव मूड में दिखाई दे रही हैं। इसको लेकर सियासी गलियारों में चर्चा है कि वसुंधरा



राजे झुंझुनूं विधानसभा सीट पर अपने प्रचार का जलवा दिखा सकती हैं। इसको लेकर बीजेपी में अंदर खाने तैयारी चल रही है। इधर, वसुंधरा राजे के फिर से सियासत में ऐक्टिव होने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बीजेपी से अपनी दूरी बना ली।

## वक्फ जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल कर्नाटक में किसानों से मिले

### बोले-वक्फ बोर्ड किसानों की जमीन और ऐतिहासिक स्मारक पर दावा कर रहा, जांच करेंगे

हुबली (एजेंसी)। वक्फ संशोधन बिल को लेकर बनाई गई जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल गुरुवार को कर्नाटक पहुंचे। उन्होंने हुबली और विजयपुरा में वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों से मुलाकात की। जगदंबिका पाल ने कहा, उत्तरी कर्नाटक के किसानों ने एक ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर दावा कर रहा है। मैंने पूछा है कि क्या उनके पास जमीन का मालिकाना हक है। उनका कहना है है कि वे 50-70 साल से अधिक समय से वहां रह रहे हैं। जेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि, वक्फ बोर्ड उन स्थानों पर भी दावा कर रहा है, जहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक हैं। हम दोनों मामलों की जांच कर एक रिपोर्ट तैयार




करेंगे। कमेटी मेंबर्स बोले- यह एकतरफा फैसला, अकेले जाना प्रोटोकॉल के खिलाफ जगदंबिका पाल के अकेले कर्नाटक दौरा करने पर जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसदों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पाल का अकेला जाना सही नहीं है। यह एकतरफा फैसला है। यह प्रोटोकॉल के खिलाफ है। इसे समिति ने मंजूरी नहीं दी है। ये चेयरमैन का पर्सनल फैसला है। दरअसल, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने 5 नवंबर को एक्स पर लिखा- जेपीसी के चेयरमैन मेरी अपील पर हुबली और विजयपुरा जाएंगे, जहां वो वक्फ से प्रभावित किसानों और उनके संगठनों से मिलेंगे। किसानों की शिकायतें जेपीसी के सामने रखी जाएंगी। कर्नाटक के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर और शिवमोग्गा के कुछ किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर नोटिस भेजे गए थे। इसके खिलाफ किसानों ने प्रदर्शन शुरू किया, जिसे भाजपा ने भी सपोर्ट किया। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक के वक्फ मंत्री जमीर अहमद खान और जिला अधिकारियों के बीच एक बैठक के बाद, बिना किसी पूर्व सूचना के विजयपुरा में 44 संपत्तियों के लैंड रिकॉर्ड में वक्फ का नाम जोड़ा गया। विवाद बढ़ने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था उन्होंने अधिकारियों से नोटिस वापस लेने को कहा है, लेकिन भाजपा ने प्रदर्शन तेज किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चार विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए 495 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा विभाग ने मंत्रि-परिषद् के आदेश के अनुपालन में 4 विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण सहित पूंजीगत परियोजना के लिए सशर्त 495 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। जारी आदेश के अनुसार रानी अवन्तीबाई लोधी विश्ववि?द्यालय सागर के लिए 150 करोड़ रुपए, क्रांतिसूर्य टंटया भील विश्वविद्यालय खरगौन के लिए 150 करोड़ रुपए, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के लिए 150 करोड़ रुपए एवं पंडित शम्भुनाथ शुक्ला विश्ववि?द्यालय शहडोल के लिए 45 करोड़ रुपए भविष्य में पुनर्विलोकन की शर्त पर सैद्धांतिक अनुमति दी गई है।

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 11 नवम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन जबलपुर, रीवा और बालाघाट ज़ोन के युवाओं के लिए किया जा रहा है। 11 नवंबर 2024 को आयोजित इस मेले में युवाओं को अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के कई अवसर मिलेंगे, जिससे वे सीखने और कमाने के साथ-साथ अपने उज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। यह मेला जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, डिंडौरी, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, बालाघाट, मंडला और सिवनी जिलों के शासकीय आईटीआई संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। मेले में भाग लेकर उम्मीदवार अपने कौशल को बढ़ावा दे सकते हैं, वहीं नियोक्ता भी इस अवसर पर कुशल युवा प्रतिभाओं को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप जोड़ सकते हैं। उम्मीदवार और नियोक्ता दोनों ही इस आयोजन के लिए निम्नलिखित लिंक पर रजिस्टर कर सकते हैं कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह मेला एक सशक्त पहल है। यह आयोजन युवाओं को व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करता है। और मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के सहयोग से, यह मेला न केवल रोजगार बल्कि कौशल विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### बाघ को करंट लगाकर शिकार करने वाले आरोपियों की जमानत खारिज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) जबलपुर इकाई द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बालाघाट जिले के 2 आरोपी मुन्नालाल धुर्वे एवं तेजराम उइके को वन्य-प्राणी बाघ के अवयवों के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से बाघ के 3 नग दाँत बरामद कर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गयी। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार कर बाघ को करंट लगाकर मारना बताया। उनके द्वारा बताये गये स्थल पर स्थानीय अमले के साथ मौका शिनाख्त में एक गड्ढे से खोदकर बाघ के शरीर की लगभग 98 नग छोटी-बड़ी सभी हड्डिया एवं नाखून को निकाल कर विधिवत जप्त कर विभिन्न फॉरेंसिक लैब भेजा गया। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी मुन्ना धुर्वे एवं तेजराम उइके द्वारा मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जबलपुर में जमानत याचिका लगायी गयी। प्रकरण की गंभीरता तथा स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा की गयी सटीक विवेचना के आधार पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा 5 नवम्बर को आरोपियों की जमानत खारिज कर दी गयी। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने रबी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए किए पर्याप्त प्रबंध

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कृषि उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में 10 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कारगर प्रबंध किए हैं। कंपनी ने अक्टूबर माह में संभाग स्तर पर वितरण ट्रांसफार्मरों का भंडारण कर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रबी सीजन के बढ़ते हुए लोड को देखते हुए विद्युत आपूर्ति की निरंतर समीक्षा करें, ताकि कृषि क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से मिल सके। उन्होंने कहा कि जले तथा खराब ट्रांसफार्मरों को पात्रता अनुसार तत्काल बदला जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कृषि उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में बिजली की आपूर्ति को लेकर कोई शिकायत नहीं हो। उन्होंने सभी मैदानी अधिकारियों से कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलते ही तुरंत रखरखाव दल को भेजा जाए और विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। प्रबंध संचालक ने मैदानी महाप्रबंधकों और उपमहाप्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नियमित दौरा करें और विद्युत प्रदाय की स्थिति को लेकर किसानों से फीडबैक लें। उन्होंने कहा कि रखरखाव के कार्य आवश्यकता अनुसार प्रभावी ढंग से किए जाएं। प्रबंध संचालक ने सभी मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को सचेत किया है।

### राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भोपाल में बीजेपी पर साधा निशाना

# लाडली बहना अच्छी योजना थी तो शिवराज को क्यों हटाया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट गुरुवार को भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के साथ मीडिया से चर्चा की। पायलट ने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, शिवराज सिंह चौहान द्वारा मप्र में शुरू की गई लाड़ली बहना योजना इतनी अच्छी थी तो उनको यहां से हटाया क्यों गया? इतने सालों से वह काम कर रहे थे, तो उनको मजबूरन यहां से क्यों जाना पड़ा? ये लोग फ्रीबीज की जो बात कर रहे हैं ये बड़ा अजीब है कि जो फ्रीबीज को परिभाषित करने वाले लोग हैं वह श्रेय लेते हैं कि हम देश में 80 करोड लोगों को फ्री में भोजन खिला रहे हैं, वह तो ठीक है। अगर गरीब, वंचित लोगों को कांग्रेस की सरकार अगर अनुदान देना चाहे, मदद करना चाहते तो वह रेवड़ी है वह फ्रीबीज़ है।

**बीजेपी 80 करोड़ लोगों को राशन दे तो अन्नदाता, कांग्रेस की रेवड़ी:** पायलट ने कहा- खुद आप श्रेय ले रहे हैं कि हम देश में 80 करोड लोगों को फ्री में भोजन करा रहे हैं, यानि आप करें तो वह अन्नदाता और दानदाता हैं। कांग्रेस कुछ घोषणा करे तो आप उसको रेवड़ी मानते हैं। कांग्रेस की सरकार चाहे वह तेलंगाना की है चाहे कर्नाटक की है या कहीं की भी है। जो हमने कहा वह करके दिखाया। कल भी हमने जो महाराष्ट्र में 5 गारंटी लॉन्च की हैं हमारी पार्टी का इतिहास और ये अनुभव है कि हम जो कहते हैं वह कर रहे हैं।



**दूसरों पर दोषारोपण करना बीजेपी की प्रवृत्ति:** हमने नहीं कहा था कि हम दो करोड़ रोजगार देंगे। भाजपा ने कहा था वो नहीं कर पाए। 15 लाख रुपए खाते में आएंगे, कहा था वो भी नहीं कर पाए। किसानों की आमदनी दोगुनी करेंगे, नहीं कर पाए। तो झूठ बोलना और फिर विपक्ष को कोसना ये कब तक करेंगे? आपके पास सत्ता है यहां आपका डबल इंजन चल रहा है। मध्य प्रदेश में इतने सालों से आपकी सरकार है। बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है? क्यों महंगाई बढ़ रही है? क्यों किसान आत्महत्या कर रहे हैं? उस पर अंकुश कौन लगाएगा औरों पर दोषारोपण करना भाजपा की प्रवृत्ति में आ चुका है। पिछली संसद में 147 सांसदों को एक दिन में निष्कासित किया गया, ये आज तक नहीं हुआ। अब हमारा संख्या बल बहुत बेहतर है, तो हम वहां सार्थक चर्चा भी करवाएंगे और मनमाने तरीके से सरकार जो एकतरफा फैसला लेती थी उस पर अंकुश लगेगा।

**वादों को पूरा करने की कोशिश नहीं की:** पायलेट ने कहा- मैं, तन्खा जी और जीतू भाई आज मप्र उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के प्रचार करने के लिए मप्र आयें हैं। असल बात ये है कि मध्य प्रदेश में जब से नई सरकार बनी है। सरकार गठन के बाद जिन उम्मीदों को लेकर जनता ने वोट डाले थे, जिन मोदी गारंटियों और जिस मेनिफेस्टो को लेकर वे जनता के बीच में गए थे। इन 11- 12 महीनों में किसी सूरत में इस नई सरकार ने उन वादों पर खरा उतरने की कोशिश भी नहीं की। अगर सरकार सच्चे मन से कोशिश करती और नाकाम रहती तो हम समझ सकते थे।

**मप्र में सिंडिकेट काम कर रहा:** पायलट ने कहा- मुझे लगता है कि यहां पर सिर्फ ऐसे लोगों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं जिन लोगों का पहले से सचिवालय से लेकर ठेकों पर, व्यवसाय करने वालों पर, जो लोगों के गठजोड़ से संपत्ति अर्जित करने का काम कर रहे हैं। उसी सिंडिकेट को ये आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मैं मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में देखता हूं कि सिर्फ प्रचार प्रसार और अखबार में सिर्फ फोटो छप रही है, लेकिन धरातल पर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास ठप है। लॉ एंड ऑर्डर बिल्कुल चरमरा गया है। वही माफिया आज भोपाल सचिवालय में इस सरकार में काबिज है। जो पहले था।

**बीजेपी को केन्द्र में बहुमत नहीं मिला:** अब सत्ता के केंद्र बहुत सारे हो गए हैं, इसलिए खिंचाव और तनाव सत्ता में भी है और प्रशासन में भी है। और इसका खामियाजा सिर्फ जनता को उठाना पड़ रहा है। जहां तक देश की बात है 4 जून 2024 को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आए। जो लोग दावा करते थे 300 पार, 400 पार और 500 पार, उनके घमंड और अहंकार को देश की जनता ने एक करारा जवाब दिया है। एक खंडित जनादेश आया और किसी भी दल को लोकसभा में बहुमत नहीं मिला।

## जम्मू-कश्मीर में शहीद नायक बद्रीलाल यादव को मंत्री श्री टेटवाल ने दी श्रद्धांजलि



भोपाल। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शहीद हुए मध्यप्रदेश के आर्मी जवान बद्रीलाल यादव का बुधवार को आगर मालवा जिले के पैतृक गांव नरवल में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने नरवल पहुंचकर शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शहीद के दोनों पुत्रों ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी और हजारों नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। शहीद की पार्थिव देह को पहले इंदौर एयरपोर्ट लाया गया, जहां से सड़क मार्ग द्वारा पैतृक गांव नरवल ले जाया गया। पूरे मार्ग में आमजन ने पार्थिव देह पर पुष्प-वर्षा कर शहीद नायक बद्रीलाल यादव को सच्ची श्रद्धांजलि दी। गांव में अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव देह को रखा गया, जहां हजारों लोगों के दर्शन कर पुष्पांजलि दी। शहीद नायक बद्रीलाल यादव को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। वे भारतीय सेना की 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन के इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर (श्वस्ध्) विभाग में सेवा दे रहे थे। सोमवार रात को राजौरी में पेट्रोलिंग के दौरान नायक बद्रीलाल यादव कर्त्तव्य की बलिवेदी पर शहीद हुए थे।

## अब डिजिटल बोर्ड से पढ़ेंगे आदिवासी छात्र

भोपाल। प्रदेश में आदिवासी समाज के बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए अब एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित विशिष्ट श्रेणी के इन शिक्षण संस्थाओं में कक्षा में डिजिटल बोर्ड लगाये जाएंगे, इसके लिये विभाग द्वारा तेजी से कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा सभी आदिवासी विकास खंड मुख्यालय में ई लाइब्रेरी भी खोलने की तैयारी है। सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में डिजिटल बोर्ड लगाने के लिये केपिटल मद से बोर्ड खरीदने एवं उसे लगवाने का काम किया जा रहा है, इसी प्रकार




सभी विभागीय कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालयों में भी डिजिटल बोर्ड लगाये जायेंगे।

इसके लिये बजट की राशि प्रावधान बढ़ाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि प्रदेश के सभी 89 जनजातीय विकास खंड मुख्यालय में ई-लाइब्रेरी भी प्रारंभ की जायेंगी। इसके लिये ई-लाइब्रेरी की क्रियान्वयन, रूपरेखा एवं उपकरण स्थापना के लिये आवश्यकतानुसार धनराशि का मांग प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। राज्य शासन से प्रस्ताव अनुमति एवं बजट आवंटन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि प्रदेश में बैगा, भारिया, सहरिया तीन विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़ी जनजातियां (पीवीटीजी) निवास करती हैं।

# भोपाल के वन विहार में घूमना महंगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में घूमना महंगा हो गया है। टू-व्हीलर पर 2 सवारी घूमने पर अब 60 की जगह 80 रुपए देने होंगे। पैदल, कार-जीप या जिप्सी, मिनी बस और बड़ी बस से घूमने पर 5 रुपए से 200 रुपए तक ज्यादा देने होंगे। विदेशियों को दोगुना चार्ज देना होगा। हालांकि, अभी ये रेट लागू नहीं किए गए हैं। यह नेशनल पार्क राजधानी के बीचोंबीच स्थित है, जहां टाइगर, शेर, तेंदुआ, लकड़बग्घा, हिरण, बारहसिंघा सहित 1600 से अधिक जानवर हैं। हर रोज हजारों टूरिस्ट नेशनल पार्क में पहुंचकर इन जानवरों का दीदार करते हैं। पहले यहां सफेद बाघिन भी थी, जिसकी हाल ही में मृत्यु हो गई थी, बावजूद इसके पर्यटकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। इसी बीच अब घूमने के लिए नए रेट जारी किए गए हैं। बता दें कि नेशनल पार्कों में हर तीन साल में 10त्न तक शुल्क वृद्धि होती है। इस बार भी सरकार ने 1 नवंबर से नया शुल्क लागू कर दिया है। ऐसा ही बदलाव



रालामंडल अभयारण्य, इंदौर और मुकुंदपुर चिड़ियाघर, मैहर में भी किया गया है।

वन विहार समेत अन्य तीन नेशनल पार्कों में अब न्यूनतम शुल्क 25 और अधिकतम 2200 रुपए तक हो गया है। बड़ी बस में सफर कर घूमने का मजा लेने पर 2200 रुपए चार्ज लगेगा, जो पहले 2000 रुपए था। वहीं, पैदल भ्रमण पर 20 की जगह अब 25 रुपए देने होंगे। मार्निंग वॉक के लिए आने वाले टूरिस्टों से अभी नया शुल्क नहीं लिया जा रहा है। वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर एस.के. सिन्हा ने बताया कि फिलहाल पुराने रेट ही लागू हैं। जैसे ही नए रेट आएंगे, इन्हें लागू किया जाएगा। विदेशी पर्यटकों से डबल शुल्क वसूला जा सकता है, हालांकि, अभी इसके आदेश नहीं मिले हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मानव जीवन का उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति के लिए होना चाहिए और इसके लिए भक्ति मार्ग सबसे श्रेष्ठ मार्ग है। यह बात श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन के प्रसंग में आचार्य मधुर कृष्ण शास्त्री ने कही। तिरुपति अभिनव होम्स में कथा के आरंभ में बुधवार को श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर नृत्य करते हुए चल रही थी। वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य मधुर कृष्ण शास्त्री रथ पर सवार होकर कलश यात्रा में साथ चल रहे थे। आचार्य ने कहा कि प्रभु को पाने का भक्ति मार्ग से श्रेष्ठ कोई मार्ग नहीं है। लोगों को भक्ति मार्ग से जुड़कर ईश्वर की आराधना और प्रभु का नाम जप करना चाहिए जिससे जीवन में मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# बकाया बिजली बिल बेटे-बहू से वसूला जाएगा

### बैंक अकाउंट से सीधे कटौती होगी, रिकॉर्ड कलेक्टर और एसपी तैयार करेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** डेटा एनालिसिस के आधार पर ऐसे कंज्यूमर्स की पहचान की जाएगी, जो सक्षम होने के बाद भी बिजली का पूरा बिल नहीं देकर गलत लाभ ले रहे हैं। अगर आपके घर का बिजली कनेक्शन आपके पिता के नाम पर है और वे कई महीनों से बिल नहीं भर रहे हैं तो इसका पैसा अब आपकी जेब से कटेगा। ठीक ऐसे ही, अगर कनेक्शन आपके नाम है और बिजली बिल बकाया है तो इसकी वसूली आपके साथ आपके घर में रहने वाले पिता, मां, भाई, बहन, पत्नी में से किसी एक के बैंक अकाउंट से की जाएगी। इसके लिए मध्यप्रदेश में बिजली कंज्यूमर्स और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट्स की जानकारी अब सभी जिलों के कलेक्टर और



एसपी को रखनी होगी। इन बैंक अकाउंट की जानकारी मिलने के बाद सरकार कलेक्टर्स के जरिए बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बकाया वसूली कराएगी।

राज्य शासन ने इसके लिए जिलास्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह कमेटी कंज्यूमर्स की केवाईसी (नो योर कस्टमर) कराएगी। डेटा एनालिसिस के आधार पर ऐसे कंज्यूमर्स की पहचान की जाएगी, जो सक्षम होने के बाद भी बिजली का पूरा बिल नहीं देकर गलत लाभ ले रहे हैं। हालांकि, कितना बकाया होने पर इस तरह का एक्शन लिया जाएगा और परिवार के सदस्यों से बैंक अकाउंट से वसूली किस तरह की जाएगी, यह फिलहाल तय नहीं है। पांच सदस्यीय कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे।

पुलिस आयुक्त या पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता, महाप्रबंधक शहर (संचालन और संधारण) को सदस्य और कमेटी संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

जिलास्तरीय कमेटी को ऊर्जा विभाग द्वारा दी जा रही सब्सिडी का गलत इस्तेमाल करने वालों को रोकने का काम भी करना है। बिजली चोरी पकड़ने और बकाया बिल जमा कराने के दौरान बिजली कर्मचारियों के साथ होने वाली मारपीट की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने के साथ सुरक्षा देने का भी जिम्मा होगा। सरकारी विभागों में बिजली कंपनी की बकाया राशि का पेमेंट कराने की भी जिम्मेदारी भी कमेटी की ही होगी।

कमेटी की हर महीने बैठक होगी। कमेटी यह भी बताएगी कि बिजली कंपनी से सर्विस में किस तरह के सुधार की उम्मीद प्रशासन रखता है। मध्यप्रदेश में 1.77 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। बिजली कंपनी के पास 1.1 करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के आधार नहीं हैं।

# 5 राज्यों से करार होगा, जनवरी से अंतरराज्यीय रूट पर बढ़ेंगी बसें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मप्र परिवहन विभाग यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए 5 राज्यों के साथ नए सिरे से परिवहन करार करेगा। नए करार से यह फायदा होगा कि मप्र के निजी ऑपरेटर्स को दूसरे राज्यों में नए रूट पर अधिक संख्या में बस चलाने की सुविधा मिलेगी। नए रूट पर बसें ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, उज्जैन, सागर, सतना सहित शहरों से उप्र, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व गुजरात में संचालित की जाएंगी। करार के लिए परिवहन विभाग ने इन राज्यों के अफसरों से बातचीत शुरू कर दी है। गुजरात के परिवहन विभाग के अफसरों के साथ एक बैठक



भी हो चुकी है। जनवरी 2025 से अंतरराज्यीय रूटों पर बसों की संख्या बढ़ेगी। ग्वालियर से अयोध्या, कानपुर व लखनऊ के लिए बसें संचालित होंगी।

वर्तमान में राजस्थान व उप्र के अलग-अलग शहरों के लिए मप्र से जाने वाली बसों को वहां के बस स्टैंड पर खड़े होने की अनुमति नहीं है। ऐसे में विवाद होते हैं। संयुक्त परिवहन आयुक्त, (प्रशासन) विनोद भार्गव ने बताया कि उप्र, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व गुजरात के साथ यह करार किया जाएगा। ग्वालियर, भोपाल, इंदौर व जबलपुर से उत्तर के अलग-अलग शहरों के लिए बसें चलवाने की योजना है।

## सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

# प्रत्येक घर में नल कनेक्शन की कार्यवाही 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश

### पंचायत एवं पीएचई विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें : सचिव नरहरि





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी नरहरि द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीधी एवं सिंगरौली जिले की नल जल योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि हर घर तक गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें। नल जल योजनाओं की प्रगति धीमी है इसे गति देकर निर्णायक समाप्ति की ओर ले जाना आवश्यक है। कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा जनपद स्तरीय अधिकारी प्रत्येक सप्ताह का लक्ष्य निर्धारित कर आपसी समन्वय से उसे प्राप्त करने का प्रयास करें।

सचिव नरहरि ने एकल योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति मार्च 2025 के पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीधी जिले में एकल योजना अंतर्गत 16696 एफएचटीसी तथा सिंगरौली जिले में 12840 एफएचटीसी शेष है। उन्होने अभियान चलाकर 31 दिसम्बर 2024 तक प्रत्येक घर में नल कनेक्शन की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि इस कार्य में जिन संविदाकारों द्वारा उदासीनता या लापरवाही बरती जा रही है उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। सिंगरौली के जिन कार्यों को निरस्त किया गया है उसके पुनः टेंडर की कार्यवाही सोमवार को अनिवार्यतः करें। सचिव ने कहा कि हर घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति महिला सशक्तिकरण की दिशा एक सकारात्मक पहल है। निश्चित ही इससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी गुणात्मक सुधार होगा।

प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश जल निगम केवीएस चौधरी द्वारा सीधी तथा सिंगरौली जिले में मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा संचालित समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। उन्होने बताया कि सिंगरौली जिले में तीन समूह नल जल योजनाओं बैढ़न-1, बैढ़न-2 तथा गोंड देवसर और सीधी जिले में मझौली समूह जल प्रदाय योजना, सीधी बाणसागर तथा सीधी-गुलाबसागर के माध्यम से सभी बसाहटों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जावेगी। मझौली समूह जल प्रदाय योजना पूर्ण हो चुकी है तथा शेष के कार्य प्रगतिरत हैं। योजनाओं को पूर्ण करने की तिथि मार्च 2025 निर्धारित है। सीधी जिले में 86893 तथा सिंगरौली में 85951 एफएचटीसी शेष हैं, जिसे पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होने रोड मरम्मतीकरण के कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली गजेन्द्र सिंह, प्रमुख अभियंता पीएचई केके सोनगरिया, मुख्य अभियंता एचएस गौड़, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, अधीक्षण यंत्री एस एल धुर्वे, कार्यपालन यंत्री टीएस बड़कड़े सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहें।

## जिला अस्पताल बचावा जिऊ बचावा संघर्ष मोर्चा करेगा सत्याग्रह



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला अस्पताल सीधी के निजीकरण को रोकने के लिए 30 नवंबर 2024 को जिला अस्पताल के सामने सत्याग्रह किया जाएगा जिसके संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया। गुरूवार को पूजा पार्क सीधी में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के संगठन महामंत्री रवि दत्त सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं उमेश तिवारी संयोजक टोंको, रोको, ठोंको क्रांति मोर्चा के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिला अस्पताल सीधी के निजीकरण को रोकने के लिए 30 नवंबर 2024 की तिथि धरना प्रदर्शन हेतु निर्धारित की गई। बैठक में सभी ने प्रदेश सरकार के इस निर्णय की निंदा करते हुए आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश के शहर से लेकर ग्रामीण इकाई की स्वास्थ्य सेवा यानी 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निजीकरण करना प्रस्तावित किया गया है। ऐसे में यही माना जाएगा कि प्रदेश की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था ही निजीकरण में चली जाएगी, जिसका परिणाम प्रदेश के बहुसंख्यक गरीब, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ कुठारा घात किया गया है जो सरकारी अस्पतालों पर स्वास्थ्य सेवा के लिए आश्रित है।

बैठक में सभी सामाजिक संगठनों, किसान मजदूर संगठनों, राजनैतिक संगठनों आम नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि 30 नवंबर को सत्याग्रह में शामिल होकर अपने जागरूक नागरिक होने का परिचय देते हुए सहभागिता निभाएं ताकि जिला अस्पताल के निजीकरण को रोका जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से ददन सिंह, कान्हा मिश्रा, राजकुमार तिवारी, प्रभात वर्मा, विवेक कुमार कोल, अंजुल गुप्ता, अजय पांडेय, अमन त्रिपाठी, सचिन पांडेय, देवेंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, उर्मिला रावत, विकास नारायण तिवारी, दिनेश प्रताप सिंह, विजय बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# डिप्टी सीएम करेंगे राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव का शुभारंभ

## परसिली रिसोर्ट पहुंचे देश भर के लोक कलाकार

### सांसद एवं विधायक गण भी होंगें शामिल



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव का शुभारंभ आज शुक्रवार राजेन्द्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन मध्य करेंगें। इस दौरान सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, धौहानी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, व्यंकटेश पाण्डेय अध्यक्ष नगर निगम रीवा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. राविन्द वर्मा, जिला सीईओ अंशुमान राज सहित एमपीटी और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेगें। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सीधी के सहयोग से उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी के व्दारा परसिली रिसॉर्ट में 8 नवम्बर से 10 नवम्बर तक तीन दिवसीय आयोजन शायं 6 बजे से किया जायेगा।

जिसमें लोक संगीत, लोक नृत्य, लोक बाद यंत्रों की प्रस्तुति की जायेगी। उक्त महोत्सव में विंध्य की बेटी, सीधी पर्यटन की ब्रांड एम्बेसडर, राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय, बुंदेलखंड की वरिष्ठ लोक गायिका उर्मिला पाण्डेय छतरपुर, खेमचंद्र कोमा, खैरागढ़ छत्तीसगढ़, शिवांजन भट्टाचार्य कलकत्ता परिश्रम बंगाल, कंकण भट्टाचार्य असम, प्रत्युष द्विवेदी, सुभाष राय करा बिहार, संजय राज पटना बिहार, वैष्णवी राय बलिया उत्तरप्रदेश, नवीन नीतेश पाण्डेय बनारसी उत्तर प्रदेश, कपिल तिवारी, नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर्णा मिश्रा सीधी एवं कर्णबीर सिंह तोमर, रावेन्द्र तिवारी, प्रकाश मिश्रा, रामजन्म मिश्रा आदि लोक कलाकार शामिल होंगे। इस दौरान गुदुम बाजा, नगडिया बादन, अहिराई, चमरौही, कोलदहका, कर्मा नृत्य सहित स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### अरूणोदय बाल गृह में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय तथा जिला न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी के मार्गदर्शन में 04 नवंबर 2024 से 09 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला द्वारा गुरुवार 07 नवंबर 2024 को अरूणोदय बाल गृह जिला सीधी का निरीक्षण किया गया। साथ ही विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

## गरगिल गॉव पहुँचा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला मुख्यालय से महज कुछ की दूरी पर स्थित करगिल गॉव में मगरमच्छ होने की सूचना से ग्रामींणो में भय का महौल निर्मित हो चला। गुरूवार की सुबह ग्रामींणो ने उक्त सूचना से वन विभाग को अवगत किया। जहॉ रेस्क्यू टीम प्रमुख पंकज मिश्रा एवं टीम के द्वारा सूचना की पुष्टि कर मगरमच्छ को बिना किसी नुकसान पहुचाये पकड़कर पुनः सोन नदी में छोड़ा गया।

पंकज मिश्रा ने चर्चा के दौरान बताया कि 7 नवम्बर 24 को सूचना प्राप्त हुई कि कारगिल स्कूल के पास एक मगरमच्छ जाल में फंसा हुआ है। ग्रामींणो के द्वारा विद्यालय के समीप उक्त तालाब में मछली पालन का कार्य किया जाता है। जहॉ मछुआरों के द्वारा मछली को पकड़ने हेतु जाल बिछाया था, जिसमें मगरमच्छ फॅस गया है। साथ ही अंदेशा व्यक्त किया है कि इस तालाब में और मगरमच्छ हो सकते हैं। मिश्रा ने बताया कि उक्त रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाने में पंकज मिश्रा वनपाल, लक्ष्मीकांत पटेल, इंद्रभान सेन, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, कमलापति त्रिपाठी, रमेश सोनकर का विशेष योगदान रहा।

### एएनएम भर्ती के लिए दस्तावेजों का परीक्षण 08 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023 तबस्सुम कुरेशी एवं अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन व अन्य, संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश 05 नवंबर 2024 के परिपालन में समस्त याचिकाकर्ताओं जिन्होने कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मैरिट में है, नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में 08 नवंबर 2024 को सुबह 9.30 बजे संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों एवं न्यायालय निर्णय की सर्टिफाइड कॉपी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## गोपालदास बांध में आयोजित हुआ छठ पूजा, दिखा भारी उत्साह





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** छठ पर्व वैदिक युग से चला आ रहा है। ऐसे में जो लोग छठ माता की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, वह इस महापर्व के पावन समय पर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। साथ ही श्रद्धा भाव के साथ उनके गीत भी गाते हैं। गुरूवार को स्थानीय गोपालदास बांध में छठ माता की पूजा अर्चना करते हुए सैकड़ो भक्तो में भारी उत्साह नजर आया। महापर्व की शुरुआत 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ हो चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान भक्त उपवास रख कर माता की उपासना करते हैं। यह पर्व सूर्य देव और छठ माता को समर्पित होता है। आमतौर पर छठ पूजा बिहार और यूपी में मनाया जाता है, लेकिन विगत कुछ वर्षो से सीधी में भी लोग इस त्योहार को मनाते हैं। मान्यता के अनुसार यह पर्व वैदिक युग से चला आ रहा है। ऐसे में जो लोग छठ माता की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, वह इस महापर्व के पावन समय पर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। साथ ही श्रद्धा भाव के साथ उनके गीत भी गाते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ट समाज सेवी डॉ.अनूप मिश्रा ने महापर्व की शुभ कामनायें प्रेषित की।सीधी के स्थानीय गोपाल दास बांध में लीनेस क्लब कामाख्या सीधी के विशेष प्रयास और मिश्रा नर्सिंग होम, अक्षत रेसीडेंसी व इन्द्रवती नाट्य समिति के सहयोग से डॉ. राजेश मिश्र सांसद सीधी के मार्गदर्शन में वृहद व्यवस्था की गई है। जहां शहर की मातृ शक्तियों की भीड़ इकट्ठी होकर एक साथ छठी मैया का पूजन किया। इस अवसर पर सीधी के स्थानीय बाल कलाकारों ने छठ गीत के माध्यम से छठी मैया की आहुति की और ढलती शाम तक अपनी स्वर साधना से भक्तों का मन मोह लिया, गायन में सृजन मिश्र, श्रुति सिंह, शुभी सिंह, दिव्या द्विवेदी, मांशी तिवारी व शुभम धर द्विवेदी तथा वादन में तबले पर श्लोक तिवारी, पैड पर सत्यम घर द्विवेदी, कीबोर्ड पर शुभम धर द्विवेदी व मजीरा पर अष्टम धर द्विवेदी ने संगत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीनेस क्लब कामाख्या की अध्यक्ष डॉ.बीना मिश्रा, सचिव डॉ.सुनीता तिवारी, तारा तिवारी, विभा बघेल, नम्रता सिंह, शर्मिला सिंह, उर्मिला सिंह, रचना राजे सिंह की विशेष भूमिका रही।

## कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में किसानों को मिलेगीं सुविधायें

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** गुरुवार को कमल कृषि खाद एवं बीज भंडार का शुभारंभ करते हुए सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि किसानों के हितों एवं कृषि तथा बागवानी के क्षेत्र को बढ़ावा देने का यह सार्थक प्रयास है। नई तकनीक एवं कृषि कार्य सामग्री उत्तम गुणवत्ता वाले खाद बीज की सहज रूप से उपलब्धता होने पर सभी अन्नदाताओं को आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही सीधी के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी अलंकार द्विवेदी साधुवाद के पात्र हैं। अलंकार द्विवेदी ने बताया है कि समय में वर्तमान उत्तम गुणवत्ता के बीच किसानों तक पहुंचने में कठिनाई प्रतीत होती थी, जिस कारण उन्होंने यह प्रतिष्ठान शुरू किया है। जो समय समय पर किसानों को उच्च गुणवत्ता एवं अधिक पैदावार वाले खाद बीज को खेतों में बोने के लिए एवं उनकी निगरानी के लिए जानकारी भी प्रदान की जाएगी तथा विभिन्न मौसमों में फसलों में लगने वाले कीड़े एवं अन्य जटिलताओं से राहत पाने के लिए कीटनाशक छिड़काव एवं फसलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

# राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 की तैयारी : सीधी ब्लॉक की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## छात्र उपस्थिति बढ़ाते हुए बार-बार अभ्यास कार्य, मॉक टेस्ट कराने के निर्देश





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण को ध्यान रखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी क्रमांक 2 के राधाकृष्णन सभागार में बुधवार 6 नवंबर 2024 को सीधी ब्लॉक के समस्त उच्चतर माध्यमिक, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रमुखों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण की पूर्व तैयारी हेतु शालाओं को उपलब्ध कराए गए मॉक टेस्ट के मॉड्यूल-1 और मॉड्यूल-2 पर किये गए कार्य, ऑनलाइन फीडिंग तथा ओएमआर शीट पर वन टू वन चर्चा तीन सत्रों में की गई। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी, एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्रा, एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र विष्णु पांडेय, विकासखंड स्रोत समन्वयक सीधी विनय मिश्रा द्वारा समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने एनएएस 2024 में जिले का स्तर सम्मानजनक हो, इसके लिए छात्र उपस्थिति बढ़ाते हुए बार-बार अभ्यास कार्य, मॉक टेस्ट कराते रहने हेतु कड़े निर्देश दिए हैं। डीपीसी ने सभी शिक्षकों को सकारात्मक रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। डॉ सुजीत मिश्रा ने सभी शिक्षकों को सकारात्मक रहकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। एपीसी पाण्डेय ने एनएएस की तैयारी पर फोकस किया। बीआरसीसी विनय मिश्रा ने मॉक टेस्ट का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह बच्चों का मॉक टेस्ट लें, जिन प्रश्नों के उत्तर बच्चे न दें पाएं उनका दिन में अभ्यास कराएँ और शाम को पुनः मॉक टेस्ट कराएँ, यह सुनिश्चित करें कि सभी एलओ पर आधारित प्रश्नों पर अभ्यास हो और समझ विकसित हो। समीक्षा बैठक में सभी बीएसी, जनशिक्षक, सीधी ब्लाक के सभी संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

## दिवारी नृत्य में धक्का लगने पर हुआ था विवाद, युवक की नाक काटी

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में गुरुवार की सुबह 11 बजे जिला अस्पताल से एक मामला सामने आया है, जिसमें टीकमगढ़ से दिवारी नृत्य करने आए दो गुटों विवाद हो गया। दो लोगों ने 2 युवकों के सात मारपीट कर दी और गुस्से में आकर दांतों से नाक काट ली। घायल दो व्यक्तियों को इलाज के लिए ईसानगर अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ईसानगर थाना पुलिस ने मारपीट की घटना के मामले में दो लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/5011/राजस्व/न.पा.नि./2024 — रीवा, दिनांक 07.11.2024

**//निविदा सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो. इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात् कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात् नामांतरण की विधिवत् कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 2 | 558 | 13/993 (अल्प आय वर्ग सह. गृह निर्माण संस्था, समान जिला- रीवा म0प्र0) | श्री सम्पत कुमार पटेल पिता श्री काशी प्रसाद पटेल | 1. श्री नरेन्द्र कुमार पटेल. 2. श्री वीरेन्द्र कुमार पटेल 3. श्री दिनेश पटेल 4. श्रीमती अर्चना पटेल 5. श्रीमती सियावती पटेल 6. श्रीमती सुलोचना पटेल सभी के पिता स्व0 श्री सम्पत कुमार पटेल | वारिसाना (अल्प आय वर्ग सह. गृह निर्माण संस्था के पत्र क्र. 342/2023 दिनांक 21.09. 2023 के अनुसार) |
| | 339 | 24/638 (कमसरियत, जिला रीवा म0प्र0) | स्व0 मो0 इस्माइल पिता मो0 सकूर | 1. श्रीमती नगमा बेगन 2. श्री इसराइल खॉ दोनो के पिता स्व0 मो0 इस्माइल खों | वारिसाना |
| | 291 | 44/761 (हाउसिंग बोर्ड चिरहुला कालोनी, जिला रीवा म0प्र0) | स्व0 श्रीमती आशा पाण्डेय पति श्री रामप्रकाश पाण्डेय | श्री रामप्रकाश पाण्डेय पिता श्री रामानुज प्रसाद पाण्डेय | वारिसाना |
| | 340 | 20/147 (रानीगंज, घोघर जिला रीवा (म0प्र0) | श्री रामसहाय पिता श्री अगनू | श्री सुन्दरलाल भुजया पिता श्री गंगादीन भुजवा | वारिसाना |
| | 267 | 8/845/1 (आनंद नगर बोदाबाग जिला - रीवा ग0प्र0) | श्रीमती विजय श्री तिवारी पति स्व0 श्री सिद्धनाथ तिवारी | 1.नेहा तिवारी 2. प्रतिमा तिवारी दोनो के पिता स्व. श्री सिद्धनाथ तिवारी | वारिसाना |
| | 311 | 09/882 (अनंतपुर जिला रीवा म0प्र0) | श्रीमती ललिया देवी पति श्री रामखेलावन पाण्डेय | 1. श्री विनायक प्रसाद पाण्डेय 2. श्री संजय कुमार पाण्डेय दोनो के पिता श्री रामखेलावन पाण्डेय | वारिसाना |

**उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

# विचार

## इन लड़कियों की व्यथा कौन सुने

कई पत्रिकाओं, अखबारों में पाठकों की समस्या के कॉलम छपते हैं। अक्सर इन्हें पढ़ती हूं, तो युवाओं तथा अन्य लोगों की बहुत-सी समस्याओं पर ध्यान जाता है। पिछले दिनों इन्हीं कॉलम्स में 3 लड़कियों ने अपनी समस्याएं बताई थीं। ये तीनों ही 14 से 17 साल तक की थीं। एक लड़की ने कहा था कि मैं 16 साल की हूं। अगले साल बोर्ड का इम्तिहान है। पढ़ाई में बहुत अच्छी रही हूं, मगर अब कुछ करने का मन नहीं करता। माता-पिता और रिश्तेदार मुझसे बहुत उम्मीद लगाए हैं कि मैं तो बोर्ड इम्तिहान में टॉप करूंगी। इसलिए हमेशा डरी रहती हूं। मेरे माता-पिता मुझे कहीं लेकर भी नहीं जाते। न कहीं जाने देते हैं। अकेलापन भी बहुत महसूस होता है। मेरे दोस्त भी नहीं हैं। मुझे अपने माता-पिता से इतनी नफरत हो गई है कि उनकी शक्ल भी नहीं देखना चाहती। दूसरी लड़की ने लिखा कि मेरे माता-पिता हमेशा लड़ते रहते हैं। यहां तक कि जो हाथ में आता है, उससे एक-दूसरे को मारते भी हैं। फिर हर बात का अपना गुस्सा मुझ पर निकालते हैं। हमेशा मुझे डांटते रहते हैं। अपनी हर मुसीबत के लिए मुझे जिम्मेदार ठहराते हैं। फिर चाहते हैं कि मैं खूब पढ़ूं भी। कोई सहेली घर आ जाए तो हजार सवाल पूछते हैं। मुझे कहीं जाने भी नहीं देते। फिर उम्मीद करते हैं कि मैं पढ़ाई में हमेशा अव्वल आऊं। मेरी मां कहती हैं कि मैं उन पर बोझ हूं। ऐसी बातें सुनकर मैं अक्सर रोती रहती हूं। मन करता है कि इस जिंदगी को खत्म कर दूं। अपने छोटे भाई को बहुत प्यार करती हूं। माता-पिता उस पर भी ध्यान नहीं देते। यही सोचती हूं कि अगर मैं नहीं रही, तो मेरे भाई का क्या होगा। अपनी समस्या किसे बताऊं। कौन मुझे सही सलाह देगा। तीसरी समस्या एक किशोरी ने लिखी, कि मेरी मां ने दूसरा विवाह किया है। वह जबरदस्ती मुझे अपने साथ ले आईं, जबकि मैं अपने पापा के साथ ही रहना चाहती थी। वह मुझे बहुत प्यार भी करते हैं। अपने पिता के मुकाबले मुझे यह नए पिता जरा भी अच्छे नहीं लगते। वह मुझे हमेशा अजीब-सी नजरों से देखते हैं। लेकिन मेरी मां चाहती हैं कि मैं अपने पिता से कभी न मिलूं। मैं अपने नए पिता को ही अपना पिता मानूं। मैं चुपके-चुपके अपने पापा से फोन पर बातें करती हूं। एक बार मां को पता चला तो उन्होंने मुझे खूब डांटा। मेरा फोन भी छीन लिया। मेरे पापा मुझसे बहुत प्यार करते हैं। उनकी बहुत याद आती है। मैं उनके पास जाना चाहती हूं, मगर कैसे जाऊं, समझ में नहीं आता। कोई मुझसे बात भी नहीं करता। पहली लड़की की समस्या पर गौर करें तो नजर आता है कि इस बच्ची के माता-पिता उस पर जरूरत से ज्यादा कंट्रोल करते हैं। उसे न कहीं ले जाते हैं, न कहीं जाने देते हैं। कोई मित्र भी नहीं है। फिर उम्मीद है कि वह पढ़ाई में अच्छी रहे। दूसरी लड़की के घर वालों की आपसी लड़ाई का असर बच्ची पर कितना बुरा पड़ता है, इसे घर वाले नहीं समझते। माता-पिता न इस लड़की पर ध्यान देते हैं, न ही अपने बेटे पर। मां लड़की को बोझ तक बताती है। ऐसे में लड़की अगर कोई गलत कदम उठाने की सोचती है, तो हर हाल में उसके घर वाले ही जिम्मेदार हैं। तीसरी लड़की की जो समस्या है वह इन दिनों बहुत से घरों में नजर आती है।

# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला

**ललित गर्ग**

**सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सपंत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सपंत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निर्माताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था।**



स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है। ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं।

ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फ़ैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फ़ैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। विद्वान जजों ने निजी संपत्तियों को समुदाय के भौतिक संसाधन मानते हुए राज्य द्वारा कब्जा करके या अधिग्रहण करके सार्वजनिक भलाई के लिए वितरित करने के अधिकार पर रोक लगाते हुए कहा है कि सभी निजी संपत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं बन सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि सरकार एक हद तक ही निजी सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है।

अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था। अच्छा हो कि इस निरर्थकता को वे लोग भी समझें, जो संपत्ति के सृजन से अधिक अहमियत उसका पुनर्वितरण करने पर देते हैं। यह देश को समृद्धि की ओर ले जाने का रास्ता नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि दुनिया भर का अनुभव यही बताता है कि जिन देशों ने अपने लोगों की भलाई के नाम पर अतिवादी समाजवादी तौर-तरीके अपनाए, वे आर्थिक रूप से कठिनाइयों से ही घिरे। आज जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से उसे अधिक तीव्र गति मिल सकेगी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अर्थ-व्यवस्था एवं बाजार को तीव्र गति देने के लिये निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है। लेकिन यदि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जाएगा, तो यह संविधान के मूल सिद्धांतों का हनन है, इसलिये इसे रोकना कानून के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद से अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है और अब बाजार उन्मुख आर्थिक मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके लिये राष्ट्रवादी सोच जरूरी है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस अय्यर का दृष्टिकोण समाजवादी थीम पर आधारित था और इससे सहमति नहीं जताई जा सकती। 1977 में कर्नाटक बनाम रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस अय्यर ने निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन बताया था। 1982 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने जस्टिस अय्यर के फैसले से सहमति जताई थी। लेकिन अब उन फैसलों की भावना एवं लक्ष्य को बदलते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अधिक उपयुक्त एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है। यह फैसला सरकारों की इस दिशा में मनमानी को रोकता है। इस तरह निजी संपत्ति संबंधी सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले ने करीब चार दशक पुराने उस फैसले को खारिज करने का काम किया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट करने की आवश्यकता भी समझी कि उक्त फैसला एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह भी पता चल रहा है कि देश को किसी विशेष प्रकार के आर्थिक दर्शन के दायरे में रखना ठीक नहीं है और आर्थिक तौर-तरीके ऐसे होने चाहिए, जिनसे एक विकासशील देश के रूप में भारत उभरती चुनौतियों का सामना कर सके। देश का आर्थिक मॉडल बदल चुका है और इसमें निजी क्षेत्र का बहुत महत्व है। सरकार को निजी संपत्तियों का अधिग्रहण करने का पूर्ण अधिकार देना निवेश को निराश करेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निजी संपत्ति के मामले में अब इसे लेकर कोई संशय नहीं रहेगा कि क्या समुदाय का संसाधन है और क्या नहीं? कोई भी देश हो, उसे अपना आर्थिक दर्शन देश, काल और परिस्थितियों के हिसाब से अपनाना चाहिए, न कि इस हिसाब से कि पुरानी परिपाटी क्या कहती है? समय के साथ बदलाव ही प्रगति का आधार है।

यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने इस आधार को मजबूती प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट के इस दूरगामी प्रभाव वाले फैसले ने जहां सरकार के निजी संपत्तियों पर अधिकार की सीमा रेखा खींची है, वहीं उस वर्ग की सोच को भी झटका दिया है जो कहते हैं कि सभी संपत्तियों का सर्वे करके उन्हें बराबरी से वितरित किया जाएगा। यह फैसला कहीं न कहीं निजी संपत्ति पर व्यक्ति के अधिकार पर मुहर लगाता है, वहीं राष्ट्रहित की सोच एवं भावना को भी पोषित करता है।

# राजस्थान विधानसभा उपचुनावः गढ़ बचाने में लगी पार्टियां

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। सात में से पांच विधानसभा सीटों झुंझुनू, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा, चौरासी में वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते इस्तीफा देने से उपचुनाव होने जा रहे हैं। वहीं सलूंबर व रामगढ़ में विधायकों की मृत्यु होने के चलते उपचुनाव हो रहे हैं। हालांकि इन विधानसभा उपचुनावो के नतीजों से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को कोई खतरा होने वाला नहीं है। मगर इन उपचुनाव के नतीजे का असर प्रदेश की राजनीति में कई पार्टियों व उनके नेताओं के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में सात विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक थे। वही एक सीट पर भाजपा, एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) व एक पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) का विधायक था। जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे है। उनमें से प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। जहां उनके लगातार तीन बार के विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। भाजपा के लिए सलूंबर की सीट जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इसीलिए भाजपा ने दिवंगत विधायक की पत्नी शांता मीणा को टिकट देकर सहानुभूति का लाभ उठाना चाहती है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उपचुनाव में हार जीत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अच्छा नहीं रहा था। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी सात सीटों पर उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशियों को विजय बनवाकर भाजपा आला कमान की नजरों में अपनी मजबूत छवि बना सके। भाजपा प्रदेश की सभी सातों सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने समय रहते अपने सभी बागियों को मना कर एकजुटता का संदेश देने में सफल रही है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ उतरे बागियों को चुनाव से हटाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास सफल रहे हैं।

प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों के उपचुनाव में विजय हासिल करने के चक्कर में भाजपा ने अपनी नीति व सिद्धांतों को भी ताक पर रख दिया है। दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। मगर भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है। डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भतीजे राजेन्द्र मीणा भी महुआ से विधायक है। इस तरह एक परिवार के तीन लोगों को पार्टी ने टिकट देकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल को पिछले विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देकर मात्र 2059 वोटो से हारने वाले रेवतराम डागा को फिर से मैदान में उतारा है। चौरासी सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुयी थी। इस बार भाजपा ने वहां नया प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मैदान में उतारा है।



भाजपा प्रत्याशी सीमलवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान है तथा सादड़िया के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी पुत्रवधू रेखा सरपंच है। उनकी पत्नी हाकली देवी भी सरपंच रह चुकी है। क्षेत्र में अच्छी पकड़ होने के कारण राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इस बार वहां भाजपा कड़ी टक्कर दे सकती है। कांग्रेस को अपनी चार सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा व रामगढ़ फिर से जितनी होगी। साथ ही अन्य तीन सीटों पर भी अपनी ताकत दिखानी होगी कांग्रेस ने झुंझुनू सें सांसद बने बृजेंद्र सिंह ओला के बेटे अमित ओला को मैदान में उतारा है। अमित ओला ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी है तथा उनके दादा शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद नौ बार विधायक केंद्र तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। वहीं रामगढ़ सीट पर दिवंगत विधायक जुबेर खान के पुत्र आर्यन खान को उतार कर सहानुभूति के बल पर चुनाव जीतना चाहती है। दौसा सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के दीनदयाल बैरवा को टिकट देकर मैदान में उतारा है। देवली-उनियारा से पूर्व अधिकारी कस्तूर चंद मीणा को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के बागी नरेश मीणा चुनाव को त्रिकोणात्मक बना रहे हैं। नरेश मीणा को कांग्रेस पार्टी मनाने में नाकाम रही है। जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं मानी जा रही है। सलूंबर में कांग्रेस ने 2018 में निर्दलिय चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने वाली रेशमा मीणा को मैदान में उतारा है। जिससे नाराज होकर सांसद, विधायक व मंत्री रह चुके रघुवीर मीणा अंदर खाने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चौरासी सीट पर कांग्रेस पार्टी ने इस बार 29 साल के नए प्रत्याशी महेश रोत को मैदान में उतारा है। खींवसर सीट पर कांग्रेस पार्टी ने महिला प्रत्याशी रतन चैधरी को मैदान में उतार कर हनुमान बेनीवाल के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है। जिसका फायदा भाजपा को हो सकता है। खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछला विधानसभा चुनाव वह मात्र 2059 वोटो से जीते थे।

## दीयों और आकर्षक लाइटिंग से जगमगाया अरपा छठ घाट

# डूबते सूर्यदेव को आज अर्घ्य देंगी छठव्रती, दो दिन भारी वाहनों के प्रवेश पर लगा बैन





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में छठ के महापर्व से पहले अरपा नदी पर स्थित छठ घाट को दीयों और आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। बुधवार को छठ व्रतियों ने खरना के साथ ही निर्जला व्रत रखा और शाम को छठी मैया के लिए विशेष प्रसाद तैयार किया। गुरुवार शाम को छठ व्रती डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देंगे। अरपा नदी के छठघाट में भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है। इसके तहत दोपहर दो बजे से शुक्रवार सुबह 11 बजे तक इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

**36 घंटे का कठिन व्रत:** सूर्य उपासना के इस महापर्व की विशेषता है कि, यह पूरी भक्ति और संकल्प के साथ मनाया जाता है। यह पर्व न केवल पारिवारिक समृद्धि के लिए होता है, बल्कि जीवन की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भी मनाया जाता है। इसमें स्त्री और पुरुष समान रूप से भाग लेते हैं। अज्ञेय नगर निवासी रोशन सिंह ने बताया कि, छठ महापर्व की शुरुआत नहाय खाय के अनुष्ठान से हुई। जिसमें व्रतियों ने सात्विक भोजन किया। दूसरे दिन बुधवार को खरना के साथ विशेष प्रसादी बनाया गया। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का कठिन व्रत भी शुरू हो गया है। सात नवंबर यानी शुक्रवार की शम डूबते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ पूजा के प्रसाद और फल को एक बांस की टोकरी, जिसे दउरा कहा जाता है। देवकारी में रखकर पूजा का प्रारंभ होता है। सूप में नारियल, पांच प्रकार के फल और अन्य पूजन सामग्री रखी जाती है। जिसे घर का कोई एक सदस्य अपने सिर पर रखकर श्रद्धा से छठ घाट की ओर ले जाते हैं।

**महिलाएं गाएंगी पारंपरिक छठ गीत:** तट पर निकलने से पहले पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से दउरा को सिर पर उठाकर लेकर जाएंगे। महिलाएं इस यात्रा में पारंपरिक छठ गीत गाती नजर आएंगी। बिलासपुर के तोरवा छट घाट में यह नजारा देखते ही बनता है। इसके अलावा अब मरीमाई मंदिर स्थित तालाब और कोनी के आसपास अरपा तट पर व्रती पहुंचते हैं। तट पर व्रतियां अपने घर के किसी सदस्य द्वारा बनाए गए चबूतरे पर बैठती हैं। वहीं, मिट्टी से बने छठ माता के चौरे पर पूजा का पूरा सामान सजाकर दीप जलाए जाते हैं। सूर्यास्त से ठीक पहले सूर्यदेव को अर्घ्य देने का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत होता है। जिसमें भक्त घुटने भर पानी में खड़े होकर पांच बार परिक्रमा करते हैं और संध्या अर्घ्य समर्पित करते हैं।

**छठ महापर्व के लिए ट्रेन से बिलासपुर पहुंचा बंगाल का गेंदा:** छठ महापर्व की तैयारियों के बीच बिलासपुर में पूजा और सजावट के लिए बड़े पैमाने पर गेंदे के फूलों की खेप बंगाल से पहुंच चुकी है। बुधवार को हावड़ा-मुंबई मेल से फूल उतारे गए, जिन्हें स्थानीय बाजारों में पूजा और साज-सज्जा के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्व के दौरान विशेष सजावट के लिए गेंदे के फूलों की डिमांड हर साल बढ़ती है। इस बार भी कई श्रद्धालुओं ने फूलों की पहले से बुकिंग कर रखी है। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए, फूलों का विशेष महत्व है। गेंदे के फूलों का उपयोग अर्घ्य की थाल सजाने, घाटों पर सजावट और पूजा मंडप को सुशोभित करने में किया जाता है।

**आज-कल भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध:** पर्व के दौरान तोरवा छठ घाट क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश सात नवंबर की दोपहर दो बजे से लेकर आठ नवंबर की सुबह 11 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जनसुविधा के लिए निम्नलिखित डायवर्सन किए गए हैं। यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि, वे परिवर्तित मार्ग का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया रूट प्लान:** लोगों को असुविधा और जाम से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट प्लान जारी किया है। इसके तहत महमंद मोड़ से शहर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहनों को सिरगिट्टी की ओर डायवर्ट किया जाएगा। चिल्हाटी तिराहा से शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को सेंदरी-मोपका बाईपास से आगे भेजा जाएगा। हल्के वाहन, जैसे दुपहिया और कार, मोपका-सरकंडा-लिंगियाडीह-दयालबंद-तोरवा मार्ग से आवागमन कर सकेंगे। छठ घाट तिराहा डायवर्सन: इस तिराहे से छठ घाट की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, कार आदि वाहनों को आरके नगर लिंगियाडीह रोड से डायवर्ट किया जाएगा।

**धान मंडी मोड़ (तोरवा पेट्रोल पंप) डायवर्सन:** यहां से छठ घाट की ओर सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कार आदि वाहनों को गुरुनानक चौक, दयालबंद होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

**बाजारों में छठ पूजा की रौनक:** बुधवार को बिलासपुर के बाजारों में छठ पूजा की तैयारी का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए लोग दोपहर से ही बाजारों का रुख कर रहे थे। बुधवारी, शनिचरी, तोरवा, बृहस्पति, गोल बाजार, देवकीनंदन चौक, मंगला और सरकंडा के फुटपाथ पर सजी दुकानों पर सूप, दउरा, अदरक, मूली, ईख, नारियल, नारंगी, और केला जैसी सामग्री की भारी मांग रही। सूप और दउरे की मांग विशेष रूप से रही।

**फलों और वस्त्रों की जमकर खरीदारी:** छठ पूजा के लिए फलों की जबरदस्त मांग देखने को मिली। नारियल के अलावा, नींबू, सेब, केला, संतरा, अमरूद, नाशपाती और अनानास जैसे फल विशेष रूप से छठ के बाजार की रौनक बढ़ा रहे थे। बाजार में सेब की भी भरपूर आवक थी। सेब और केले की मांग सबसे अधिक रही। पूजा के लिए गमछा और अन्य वस्त्रों की खरीदारी भी जोरों पर रही। साड़ियों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ देखी गई।

## पति-पत्नी का झगड़ा, 3 करोड़ का नुकसान

### पति ने 'ओके' बोला पत्नी को, अगले स्टाफ ने ये सुनकर ट्रेन रवाना कर दी, तलाक



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** पति-पत्नी के झगड़े में ट्रेन बंद रूट पर चल गई और इससे रेलवे को 3 करोड़ का नुकसान हो गया। रेलवे ने पति को सस्पेंड कर दिया और इस कारण पति ने हाईकोर्ट में तलाक की अर्जी लगाई। हाईकोर्ट ने कहा, "पत्नी का ये व्यवहार मानसिक क्रूरता है। पति को तलाक मिलना चाहिए।"

मामला रोचक है। दरअसल हुआ ये कि स्टेशन मास्टर जब ड्यूटी पर था, तभी फोन पर उसकी बीवी ने झगड़ना शुरू किया। एक हाथ में मोबाइल, दूसरे हाथ में ऑफिस का फोन, जो उसके हाथ में ही था। बात दोनों तरफ चल रही थी। ऑफिस वाले फोन को होल्ड कर स्टेशन मैनेजर से पत्नी ने कहा- ऑफिस से घर आ जाओ, फिर बात करूंगी। पति ने ओके कहा। उधर, दूसरी लाइन पर ओके सुनते ही दूसरे स्टेशन मास्टर ने ट्रेन को रवाना करने का सिग्नल दे दिया और गाड़ी उस रूट पर चली गई, जो बैन था। इससे रेलवे को 3 करोड़ का नुकसान हुआ और उसने फोन पर झगड़ने वाले स्टेशन मास्टर को सस्पेंड कर दिया।

**क्या है पूरा मामला:** भिलाई की रहने वाली युवती की शादी 12 अक्टूबर 2011 में हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। उसका पति विशाखापट्टनम का रहने वाला है और रेलवे में स्टेशन मास्टर है। पति का आरोप है कि शादी के बाद जब 14 अक्टूबर को रिसेप्शन हुआ, इस दौरान उसकी पत्नी नाखुश नज़र आ रही थी। रात में पति ने उससे बात की, तो उसने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज के लाइब्रेरियन (ग्रंथपाल) के साथ उसका अफेयर है। उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बना चुकी है, जिसे वो नहीं भूल सकती। पति ने इस बात की जानकारी उसके पिता को दी। लेकिन, पिता ने भरोसा दिलाया कि वो भविष्य में ऐसा नहीं करेगी और इसकी गारंटी भी ली।

**लेकिन नहीं सुधरे हालात, झगड़ा होने लगा:** अपने ससुर की बात मानकर पति ने युवती से सबकुछ भूलने के लिए कहा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालात यहां तक आ गए कि पत्नी अपने पति के सामने ही अपने प्रेमी से बातें करने लगी। इस बात को लेकर विवाद बढ़ने लगा। एक रात जब पति ड्यूटी पर था, तो पत्नी का फोन आया और झगड़ा होने लगा और बंद रूट पर ट्रेन चली गई। इसके बाद पत्नी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर पति ने विशाखापट्टनम परिवार न्यायालय में तलाक के लिए अर्जी लगाई।

इधर, पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर कर केस दर्ज करा दिया। इस पर पुलिस ने पति, उसके 70 वर्षीय पिता, शासकीय सेवक बड़े भाई, भाभी और मौसेरे-भाई बहन के खिलाफ 498 के तहत केस दर्ज कर लिया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पति के आवेदन को दुर्ग ट्रांसफर किया गया। दुर्ग कोर्ट से आवेदन खारिज होने पर पति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

**भाभी के साथ अवैध संबंध का आरोप:** इस मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की बेंच में हुई। हाईकोर्ट ने सुनवाई में पाया कि पत्नी ने पति पर भाभी के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया था, जबकि याचिकाकर्ता की मां का 2004 में निधन हो गया है। उसकी शादी में भाभी ने मां की सभी रस्में निभाई थीं। पति अपनी भाभी को मां का दर्जा देता था। हाईकोर्ट में दहेज का प्रकरण साबित नहीं हो पाया।

**हाईकोर्ट बोला- पत्नी की हरकत मानसिक क्रूरता:** डिवीजन बेंच ने कहा कि पति से फोन पर झगड़ा करने के कारण रेल कर्मी पति को सस्पेंड होना पड़ा। उधर, पति परिवार वालों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाई गई और भाभी पर अवैध संबंध होने के गलत आरोप लगाए। पत्नी की ये सारी हरकतें पति के साथ मानसिक क्रूरता है। हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय के फैसले को खारिज करते हुए पति की तलाक की याचिका को मंजूर कर लिया।

## दिव्यांग हितग्राही को सरपंच ने पीटा

### राशन दुकान में चावल वितरण के दौरान हुआ विवाद, दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दिव्यांग हितग्राही जब राशन दुकान चावल लेने पहुंचा, तो सरपंच ने उसकी पिटाई कर दी। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। घटना के बाद दोनों ही पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम जरेकेला का सरपंच राधेश्याम पैंकरा राशन दुकान का संचालन करता है। बुधवार को विद्यानंद चौधरी (45), जो कि बचपन से पैरों से दिव्यांग है, वह अपने छोटे भाई अशोक चौधरी के साथ चावल लेने राशन दुकान गया था।

विद्यानंद ने राधेश्याम पैंकरा से पिछले महीने फिंगर प्रिंट लगवाने के बाद चावल नहीं दिए जाने से नवंबर में दो माह का चावल देने की बात कही। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इससे वहां रखे चावल निकालने के बर्तन से सरपंच राधेश्याम पैंकरा दिव्यांग से मारपीट करने लगा। जिसे देख उसके छोटे भाई अशोक ने बीच-बचाव किया। किसी तरह मामला शांत हुआ, इसके बाद दिव्यांग तमनार थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

### दो मंजिला बिल्डिंग में ढलाई कर रहा था, हाईटेंशन तार की चपेट में आकर नीचे गिरा

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में ढलाई का काम कर रहे एक राजमिस्त्री 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, गांधी नगर निवासी गनपत सोनी (28) राजमिस्त्री का काम करता था। पिछले करीब 7-8 महीने से कोसमनारा इलाके में एक मकान का निर्माण कर रहा था। बुधवार को दूसरी मंजिल पर ढलाई के दौरान 11 केवी करंट तार की चपेट में आकर नीचे गिर गया।



**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** उसे तत्काल गंभीर हालत में किसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोतरा रोड थाना में दी गई। पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस आगे की जांच शुरू कर दी है।

**काम पूरा होने वाला था:** मृतक के छोटे भाई गुरूदेव ने बताया कि, ठेकेदार के माध्यम से सभी काम कर रहे थे। करंट तार में पाइप लगवाया गया था, लेकिन समझ नहीं आया कि किस तरह से घटना हो गई। जब वो ऊपर से गिरा तब इसकी जानकारी हुई। उसने बताया कि, काम पूरा होने वाला था, लेकिन उसी समय यह हादसा हो गया।

## दीपक बैज के खिलाफ एफआईआर

### गुजरात की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदनाम करने का आरोप, पीसीसर चीफ बोले- मैंने बिलासपुर अस्पताल का जिक्र किया





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ अहमदाबाद में एफआईआर दर्ज की गई है। बैज पर आरोप है कि उन्होंने अपने सोशल मीडिया के जरिए गुजरात की स्वास्थ्य सेवाओं को बदनाम किया है। बैज ने कहा कि, मैंने अपने पोस्ट पर बिलासपुर के अस्पताल का ही जिक्र किया है।

दरअसल, दीपक बैज ने कुछ दिन पहले गुजरात के एक अस्पताल की खराब हालत को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था। जिसमें एक मरीज को दिखाया गया। जिसे कथित तौर पर समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई।

गुजरात में दर्ज एफआईआर में यह कहा गया है कि, बैज ने इस पोस्ट के जरिए दावा किया कि वीडियो गुजरात के एक अस्पताल का है। हालांकि, जांच में सामने आया कि यह वीडियो वास्तव में बिलासपुर के एक अस्पताल का है।

**एक यूजर में भी शेयर किया वीडियो:** शुक्रवार को पायल गुप्ता नाम के एक यूजर ने 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया। जिसमें एक दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल लाया जा रहा था, जहां मरीज को कथित तौर पर फर्श पर लेटने के लिए कहा गया। उसे समय पर इलाज नहीं मिला। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

**दीपक बैज ने पोस्ट में क्या लिखा था:** वहीं, दीपक बैज के एक पोस्ट पर लिखा है कि, बिलासपुर जिला अस्पताल में एक्सीडेंट के बाद तड़पते मरीज को डॉक्टरों ने नजरअंदाज कर दिया। ये है भाजपा सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था का असली चेहरा। जहां आम जनता के जीवन का कोई मोल नहीं। कब तक जनता यूं ही लापरवाही का शिकार होती रहेगी ?

**मैंने बिलासपुर लिखकर ही वीडियो किया था पोस्ट- बैज:** इस मामले में जब प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से दैनिक भास्कर ने बात की, तो उन्होंने कहा कि, मैं अपने सोशल मीडिया पोस्ट का लिंक भी शेयर कर रहा हूं। जिसमें साफ है कि, मैंने अपने पोस्ट पर बिलासपुर के अस्पताल का ही जिक्र किया है। मैंने अपनी पोस्ट पर कहीं भी गुजरात या अहमदाबाद का जिक्र नहीं किया है।

## जलता पटाखा फेंकने से मना करने पर मारा चाक

### युवक घायल, मोहल्ले के बीच चौक पर युवक की बदमाशी, अब पहुंचा जेल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** रायपुर में एक युवक पर जनता पटाखा फेंकने से मना करने पर चाकू से हमला हो गया। बताया जा रहा है कि, आरोपी जलता पटाखा दूसरे युवक पर फेंक रहा था, जब उसे मना किया तो उसने नाराज होकर गाली-गलौज कर हमला कर दिया। तिल्दा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




यह घटना 2 नवंबर के रात 12 बजे की है। तरुण संतवाणी ने थाने में शिकायत दी कि वह तिल्दा इलाके में मोहल्ले में चौक के पास खड़ा था। इस दौरान कैलाश उर्फ गोलू निषाद अपने दोस्त के साथ बुलेट में आया। फिर वो बुलेट से उतरकर पटाखा जलाकर तरुण की तरफ फेंकने लगा। एक पटाखे के फूटने से तरुण घायल हो गया।

**एक गया जेल, एक फरार:** तरुण और उसके भाइयों ने जब युवक को ऐसा करने से रोका तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद कैलाश ने अपने पास रखे चाकू से तरुण की जांघ पर हमला कर दिया। इस हमले से तरुण लहूलुहान होकर घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी कैलाश को जेल भेज दिया है। इसके अलावा एक अन्य आरोपी सूर्या की तलाश की जा रही है।

## पुलिस के 2 जवानों पर वसूली का आरोप

### पीड़ित को अवैध शराब बेचने पर भी मजबूर किया

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** जांजगीर-चांपा में दो पुलिस आरक्षकों के खिलाफ वसूली और अवैध शराब बेचने के लिए मजबूर करने की शिकायत एसपी से की गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायत चांपा थाने में पदस्थ पेट्रोलिंग आरक्षक शंकर सिंह राजपूत और माखन साहू के खिलाफ की गई है।

**शिकायतर्ता अनिल खूंटे ने बताया कि:** "मैं ड्राइवरी का काम करता हूं। आरक्षक शंकर सिंह साहू ने मुझे अवैध शराब बेचने की सलाह दी थी। इसकी एवज में उसने मुझसे कमीशन मांगा था। शंकर का कहना था कि उसकी थानेदार से अच्छी बनती है, कोई दिक्कत नहीं आएगी।

जिसके बाद मैंने उसे पहली दफा 27 फरवरी को कमीशन के तौर 3 हजार रुपए फोन पे पर भेजे। इस तरह अगस्त माह तक कुल 70 हजार रुपए नगद दिए। इसके अलावा अंग्रेजी शराब दुकान में 2 हजार रुपए प्रति माह अलग से देता था।

बावजूद इसके वो और माखन लगातार मुझ पर कमीशन देने का दबाव बनाते रहे। तंग आकर मैंने शराब बेचने से मना दिया।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

### कब्जाधारियों ने प्राइवेट जमीन को भी नहीं छोड़ा, बनाया डेयरी, तहसीलदार ने कराया अतिक्रमण मुक्त

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर से लगे सीपत क्षेत्र के पंधी और खजूरी स्थित सरकारी-प्राइवेट जमीन पर अतिक्रमण कर डेयरी बना लिया था। जिस पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर चला दिया। इस दौरान सरकारी और प्राइवेट जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

दरअसल, यहां सड़क किनारे स्थित सरकारी जमीन पर पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष धर्मेन्द्र दास और नरेन्द्र दास ने कब्जा कर लिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने एसडीएम अमित सिन्हा को रिकार्ड दुरुस्त करने का आदेश दया। कलेक्टर ने सरकारी और प्राइवेट जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश दिए।



**सरकारी और प्राइवेट जमीन पर चलाया बुलडोजर:** जिला प्रशासन के अफसरों के आदेश पर सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने सरकारी जमीन के साथ ही निजी जमीन का सीमांकन कराया।

जिसके बाद अवैध रूप से बनाए गए बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। इसके साथ ही जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

**निजी जमीन पर बने डेयरी को भी किया ध्वस्त:** अफसरों ने बताया कि, कोरोना काल के काल दौरान पंधी-खजुरी स्थित सड़क से लगी सरकारी जमीन पर पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष धर्मेन्द्र दास और नरेन्द्र दास के खाते में चढ़ गया। जिसके बाद उन्होंने सरकारी जमीन पर कब्जा जमा लिया। शिकायत के बाद कलेक्टर आदेश पर सुनवाई कर मस्तूरी एसडीएम अमित सिन्हा ने सरकारी जमीन को शासन के खाते में चढ़ाने का आदेश दिया।

साथ ही सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाये गए निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया। जिस पर मंगलवार को सरकारी जमीन के साथ ही कोर्ट के आदेश पर संजय दुआ की खसरा नम्बर 89/5,89/8 और 89/9 की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए डेयरी को भी ठहा दिया गया। इस दौरान करीब पांच एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

## संदीपनी बालक छात्रावास के अधीक्षक को नौकरी से हटाया गया

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने संदीपनी बालक आवासीय छात्रावास फरीदनगर कोहका भिलाई के अधीक्षक धर्मजीत साहू की सेवा समाप्त कर दी है। साहू के खिलाफ शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने उनसे जवाब मांगा था। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर उनकी संविदा सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, संदीपनी बालक आवासीय छात्रावास फरीदनगर कोहका भिलाई में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर और जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा कार्यालय दुर्ग में की गई थी। जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लिया।

**कलेक्टर ने किया था निरीक्षण:** कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए। साथ ही बीते 14 अक्टूबर को कलेक्टर ने खुद छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पाया कि जो भी शिकायत उनके पास की गई थी, वो सही हैं। इस लापरवाही को लेकर कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक धरमजीत साहू को जमकर फटकार लगाई थी।

## कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में चार हफ्ते में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली/कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट को लेकर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। साथ ही कोर्ट ने मामले की सुनवाई किसी और राज्य में ट्रांसफर करने से भी इनकार कर दिया है। डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर एक वकील ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने नेशनल टास्क फोर्स (ह्ल्ररू) की रिपोर्ट दाखिल कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो ह्ल्ररू की रिपोर्ट की कॉपी केस से जुड़े सभी वकीलों, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे। इसके बाद सभी याचिकाकर्ता और राज्यों के चीफ सेक्रेटरी इस पर अपने सुझाव दें। इसके लिए कोर्ट ने तीन हफ्ते का समय दिया है। इससे पहले 4 नवंबर को पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने रेप और और मर्डर के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिए थे। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी।

## मालेगांव ब्लास्ट केस-प्रज्ञा को एनआईए कोर्ट का वारंट

**भोपाल ( एजेंसी )।** मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए कोर्ट ने भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ 10 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी करते हुए 13 नवंबर तक कोर्ट में पेश होने को कहा है। कोर्ट का वारंट जारी होने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने अपनी एक तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है। तस्वीर में प्रज्ञा के चेहरे पर काफी सूजन नजर आ रही है। इस पर उन्होंने कहा- कांग्रेस के टॉर्चर सिर्फ एटीएस कस्टडी तक ही नहीं मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदायी कष्ट का कारण हो गए। दरअसल, एनआईए कोर्ट ने मंगलवार (6 नवंबर) को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ 10 हजार का जमानती वारंट जारी किया है। इसके साथ ही उन्हें 13 नवंबर तक कोर्ट में पेश होने को कहा है। इससे पहले प्रज्ञा को मुंबई में ही रहकर इलाज कराने और पेशी पर हाजिर होने का कोर्ट ने आदेश दिया था। भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में आरोपी हैं। 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

## सरकारी कर्मचारियों पर मनी लॉन्ड्रिंग केस के लिए मंजूरी जरूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ड्यूटी के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी लोक सेवकों के खिलाफ केस चलाने से पहले सरकार के संबंधित अथॉरिटी से मंजूरी लेना जरूरी है। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सीआरपीसी की धारा-197 (1) के तहत प्रावधान है कि सरकारी अधिकारियों और जजों के खिलाफ केस चलाने के लिए सरकार से मंजूरी लेनी होती है। यह प्रावधान अब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में भी लागू होता है। दरअसल, आंध्र प्रदेश के नौकरशाह बिभु प्रसाद आचार्य के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए थे। जिसे 2019 में तेलंगाना हाईकोर्ट ने बिना सरकार की मंजूरी के केस चलाए जाने को लेकर खारिज कर दिए थे। इसके खिलाफ ईडी सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी, जहां बुधवार को जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस एजे मसीह की बेंच ने भी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए का केस चलाने से पहले सरकार की मंजूरी लेने का प्रावधान ईमानदार और निष्ठावान अधिकारियों की रक्षा के लिए है।

## महाराष्ट्र भाजपा का कांग्रेस पर आरोप, राहुल के प्रोग्राम में संविधान की खाली प्रतियां बांटी गईं



**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने गुरुवार सुबह 8.30 बजे अपने एक्स हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो पोस्ट कर लिखा- पहले तो राहुल ने नागपुर में संविधान की खाली कॉपी दिखाई, फिर बाबा साहेब की मूर्ति पर माला नहीं चढ़ाई।डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी राहुल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- राहुल गांधी नागपुर में एक चुनावी कार्यक्रम में 'लाल किताब' लेकर 'शहरी नक्सलियों और अराजकतावादियों' से वोट मांग रहे थे।

इसके जवाब में राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र के भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार बाबासाहेब के संविधान को दिखाना और जाति जनगणना के लिए आवाज उठाना नक्सली विचार है! भाजपा की ये सोच डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान है।

**वीडियो में दिखा- राहुल ने अंबेडकर की मूर्ति के सामने माला रख दी:** महाराष्ट्र भाजपा ने जो वीडियो पोस्ट किया, उसमें दिखाई दे रहा है कि राहुल गांधी के कार्यक्रम के मंच पर शिवाजी की मूर्ति के अलावा तीन तस्वीरें रखी हुई थीं। इसमें बाबा साहब अंबेडकर की भी तस्वीर शामिल है। राहुल ने अंबेडकर की तस्वीर पर माला नहीं चढ़ाई और उसे बगल में रख दिया। भाजपा ने इसे बाबा साहब का अपमान बताया।

**फडणवीस का बयान:** देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "राहुल गांधी की भारत के संविधान के प्रति निष्ठा कल देखी गई। मैंने जो आरोप लगाया था, वह सच निकला। वह लाल किताब के साथ संविधान का महिमामंडन नहीं करना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने अपने साथ मौजूद अर्बन नक्सलियों और अराजकतावादियों को चेतावनी देने और उनसे मदद मांगने के लिए यह नाटक किया। वह हर दिन संविधान का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर का अपमान किया और संविधान का अपमान किया। अब कोई भी उनकी चालों को नहीं भूलेगा।"

**जयराम रमेश का जवाब :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने फडणवीस की बातों का जवाब देते हुए कहा कि देवेन्द्र फडणवीस हताश हो रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तथाकथित "शहरी नक्सलियों" से समर्थन लेने के लिए "लाल किताब" दिखाने का आरोप लगाया है।

फडणवीस जिस पुस्तक को लेकर आपत्ति जता रहे हैं वह भारत का संविधान है, जिसके मुख्य शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर थे। यह भारत का वही संविधान है जिसे मनुस्मृति से प्रेरित न बताकर ₹स्स् ने नवंबर 1949 में हमला किया था। यह भारत का वही संविधान है जिसे नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री बदलना चाहते हैं।

जहां तक "लाल किताब" का सवाल है तो फडणवीस को पता होना चाहिए कि इसमें भारत में कानून के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में से एक, ञ्च.ञ्च. वेणुगोपाल की प्रस्तावना है, जो 2017-2022 के दौरान भारत के अटॉर्नी जनरल थे। इससे पहले, नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और स्वयंभू चाणक्य को भी यह लाल किताब दिया गया है।

## युवाओं को शीर्ष कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी योजना-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना' युवाओं को भारत की शीर्ष कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान करती है, जो उनके कौशल और रोजगार योग्यता को सशक्त बनाएगी। योजना में 12 माह की इंटर्नशिप से युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण मिलेगा और भविष्य में रोज़गार के अवसर भी सुलभ होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का लाभ लेने की अपील की है। योजना में शामिल होने 10 नवम्बर तक आवेदन किये जा सकते है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिये केन्द्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की



महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हो। योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक वातावरण से परिचित करवाना है।

इंटर्नशिप के दौरान उन्हें उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं के माध्यम से ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

## पंचतत्व में विलीन हुईं शारदा सिन्हा

**पटना ( एजेंसी )।** लोक गायिका शारदा सिन्हा आज छठ के तीसरे दिन पंचतत्व में विलीन हो गईं। पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे अंशुमान ने मुखाग्नि दी, उसके बाद वो पैरों से लिपटकर रोने लगे। घाट पर शारदा सिन्हा अमर रहे के साथ-साथ छठी मईया के जयकारे भी गूंजते रहे। शारदा सिन्हा को छठ गीत से पहचान मिली। उनके गानों के बिना छठ महापर्व अधूरा माना जाता है। छठी माई की महिमा गाने वाली शारदा सिन्हा का पर्व के पहले दिन (मंगलवार को) दिल्ली एम्स में निधन हुआ था। उनके अंतिम सफर में उनका गाया आखिरी छठ गीत दुखवा मिटाई छठी मईया बजा। ये गाना शारदा सिन्हा ने दिल्ली एम्स से ही रिलीज किया था। सुबह करीब 9 बजे पटना के राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली, जो गुलबी घाट पहुंची। बेटे अंशुमान ने मां की अर्थी को कंधा दिया। उनके साथ-साथ बीजेपी के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव और विधायक संजीव चौरसिया ने भी कंधा दिया। बड़ी संख्या में शारदा सिन्हा के प्रशंसक भी शामिल हुए हैं। वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार शाम शारदा सिन्हा के राजेन्द्र नगर स्थित घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। शारदा सिन्हा के पति का निधन 45 दिन पहले यानी 22 सितंबर को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार पटना के गुलबी घाट पर ही किया गया था।

## शाह बोले- आतंकवाद के खिलाफ मजबूत इकोसिस्टम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दो -दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 का इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाए है। इससे आतंकवाद से लड़ने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नारे को केवल भारत ने ही नहीं पूरी दुनिया ने अपनाया है। अमित शाह ने आगे कहा कि ये सम्मेलन भारत के सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए सिक्योरिटी एजेंसियों के बीच तालमेल को



बढ़ाएगा। दिल्ली में चल रहे नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के इस सम्मेलन में पिछले कुछ सालों से आतंकवाद के खिलाफ हुई कार्रवाई में आई समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीनियर पुलिस अधिकारी, स्पेशल सिक्योरिटी एजेंसी, फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट शामिल होंगे। शहीदों के परिवारों को धन्यवाद दिया सम्मेलन में संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल बीत चुके हैं। अब तक देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए 36,468 पुलिसकर्मियों ने शहादत दी है। उन सभी को शहीदों के परिवारों को धन्यवाद देना चाहता हूं। अमित शाह ने कहा कि आतंकवादी हमलों से सटीक तरीके निपटने के लिए युवा ऑफिसर्स को हाई लेवल तकनीकों से लैस करना होगा। इसे उनकी ट्रेनिंग में अहम हिस्सा बनाया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि राज्यों पर हुए हमलों में लड़ाई पुलिस को ही करनी होगी।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 370 पर विधायकों के बीच मारपीट



**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को विधायकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। सत्ता पक्ष और विपक्षी भाजपा के विधायकों ने एक-दूसरे की कॉलर पकड़ी और धक्कामुक्की की। सदन में हंगामे के चलते पहले विधानसभा की कार्यवाही 20 मिनट, फिर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, लेंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में आर्टिकल 370 की वापसी का बैनर लहराया। बैनर पर लिखा था, %हम अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली और सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई चाहते हैं। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इसका विरोध किया। विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायकों के विरोध का सिलसिला यहीं नहीं थमा। वे सदन के वेल से होते हुए खुर्शीद अहमद शेख के पास पहुंचे और उनके हाथ से बैनर छीन लिया। इस दौरान सज्जाद लोन और वहीद पारा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कुछ अन्य विधायक शेख के समर्थन में भाजपा विधायकों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई।

## केंद्र ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्र सरकार ने पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना दोगुना कर दिया है। पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी करके इसकी जानकारी दी। अब 2 एकड़ से कम जमीन पर 5000 रुपए का जुर्माना लगेगा। दो से पांच एकड़ तक 10,000 रुपए और पांच एकड़ से ज्यादा जमीन वालों से 30,000 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली सरकार



इन नियमों को लागू करने के लिए बाध्य होंगी। दरअसल, 4 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पराली पर पंजाब-हरियाणा से 14 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा था।

इससे पहले 23 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत नियम बनाने और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए केंद्र सरकार को दो हफ्ते का समय दिया था। 23 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट नजर नहीं आया था। कोर्ट ने कहा कि हमें सख्त आदेश देने के लिए मजबूर न करें। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस ए अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने पंजाब और हरियाणा सरकार की खेतों में पराली जलाने से रोकने की कोशिशों को महज दिखावा बताया।

## जम्मू-कश्मीर में शहीद जवान का अंतिम संस्कार

**आगर मालवा ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सड़क हादसे में शहीद आर्मी जवान बद्रीलाल यादव (32) का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आगर मालवा के पैतृक गांव नरहल में शहीद के दोनों ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस दौरान हजारों गांववालों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। इससे पहले शहीद की पार्थिव देह को इंदौर एयरपोर्ट लाया गया। यहां से सड़क मार्ग से शव को पैतृक गांव नरवल लाया गया। पूरे रास्ते शव वाहन पर लोगों ने फूल बरसाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नरवल में शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने भी पुष्प चक्र अर्पित किए शहीद के चाचा और रिटायर्ड फौजी निर्भय सिंह यादव ने बताया कि 'बद्रीलाल 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन के इलेक्ट्रॉनिक × मैकेनिकल इंजीनियर विभाग में नायक पद पर थे।

## सुप्रिया बोलीं- पवार साहब राजनीति से कभी संन्यास नहीं लेंगे



**मुंबई ( एजेंसी )।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी-स्ह्रक्क के चीफ शरद पवार ने 5 नवंबर को राजनीति से संन्यास लेने के संकेत दिए थे। इसके एक दिन बाद यानी बुधवार को उनकी बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि शरद राजनीति से सन्यांस नहीं लेंगे। सुप्रियां ने द हिंदू के एक इवेंट में कहा- शरद पवार खाते-सोते और सांस लेते समय भी राजनीति करते हैं। वे राजनीति के बिना नहीं जी सकते। राजनीति उनके लिए सबसे बड़ा टॉनिक है और वे इसे इन्जॉय करते हैं। पवार साहब ने कहा था कि वे चुनाव नहीं लड़ेगे, इसका मतलब है कि वो लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसका मतलब ये नहीं कि वे राजनीति छोड़ देंगे।

## शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी



**मुंबई ( एजेंसी )।** सलमान खान के बाद अब शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। मोबाइल पर धमकी मिलने के बाद शाहरुख की टीम ने शिकायत दर्ज करवाई है। मुंबई पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी मिलने के बाद शाहरुख के घर मन्नत के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (4), 351 (3)(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिस नंबर से धमकी दी गई है, वह छत्तीसगढ़ के फैजान नाम के शख्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। नंबर ट्रेस होते ही मुंबई पुलिस रायपुर पहुंच गई है। मामला 5 नवंबर का बताया जा रहा है। डीसीपी के अनुसार, बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था। इसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा, बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। अगर मुझे 50 लाख नहीं दिए गए तो शाहरुख खान को जान से मार दूंगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला, मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है।

## वक्फ जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल कर्नाटक में किसानों से मिले



**हुबली ( एजेंसी )।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर बनाई गई जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल गुरुवार को कर्नाटक पहुंचे। उन्होंने हुबली और विजयपुरा में वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों से मुलाकात की। जगदंबिका पाल ने कहा, उत्तरी कर्नाटक के किसानों ने एक ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर दावा कर रहा है। मैंने पूछा है कि क्या उनके पास जमीन का मालिकाना हक है। उनका कहना है है कि वे 50-70 साल से अधिक समय से वहां रह रहे हैं।

जेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि, वक्फ बोर्ड उन स्थानों पर भी दावा कर रहा है, जहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक हैं। हम दोनों मामलों की जांच कर एक रिपोर्ट तैयार करेंगे।। कमेटी मेंबर्स बोले- यह एकतरफा फैसला, अकेले जाना प्रोटोकॉल के खिलाफ जगदंबिका पाल के अकेले कर्नाटक दौरा करने पर भाजपा में शामिल विपक्षी सांसदों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पाल का अकेला जाना सही नहीं है। यह एकतरफा फैसला है। यह प्रोटोकॉल के खिलाफ है। इसे समिति ने मंजूरी नहीं दी है। ये चेयरमैन का पर्सनल फैसला है। दरअसल, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने 5 नवंबर को एक्स पर लिखा- जेपीसी के चेयरमैन मेरी अपील पर हुबली और विजयपुरा जाएंगे, जहां वो वक्फ से प्रभावित किसानों और उनके संगठनों से मिलेंगे। किसानों की शिकायतें जेपीसी के सामने रखी जाएंगी।

## साक्षी मलिक बोलीं- बृजभूषण से फिर मिल रही धमकी

**गोंडा/ उत्तर प्रदेश ( एजेंसी )।** रेसलर साक्षी मलिक को फिर जान से मारने की धमकी मिल रही है। साक्षी ने बुधवार की शाम वीडियो जारी कर दावा किया कि पिछले कुछ दिनों से बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े लोगों की उनके पास धमकियां आ रही हैं। कहा जा रहा है कि आप नॉदर्न रेलवे में बच्चों की भर्तियां देखती हो। आप पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाएंगे। साक्षी ने रेसलिंग का भविष्य बचाने के लिए पीएम मोदी से गुहार लगाई। कहा- सर, मुझे उन धमकियों से कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा आपसे निवेदन है कि आप हमारी कुश्ती को बचाएं। साक्षी मलिक ने आगे कहा- कोर्ट के आदेश के बावजूद रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया देश में कुश्ती खेल का कामकाज देख रही है। साथ ही उन्हें यह भी कहा- उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाने की धमकी दी गई है।

साक्षी ने कहा- प्रधानमंत्री जी और खेल मंत्री जी नमस्कार...। पिछले साल रेसलिंग फेडरेशन के चुनाव हुए, उससे अगले ही दिन बृजभूषण की दादा गिरी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा। जिससे दुखी होकर और परेशान होकर मुझे कुश्ती को त्यागना पड़ा। इसके बाद सरकार ने फेडरेशन को सस्पेंड कर दिया। हालांकि फेडरेशन ने फिर से काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा बैन लगाने के बाद फेडरेशन कैसे काम देख सकती है। हाईकोर्ट ने रोक लगाई। डब्ल्यूएफआई ने एक भी आदेश नहीं माना। जब कोर्ट ने दोबारा फटकार लगाई तो फिर फेडरेशन ने बच्चों को आगे कर दिया। साक्षी ने कहा- मैं उन बच्चों की मजबूरी समझ सकती हूं।



### राज्यमंत्री 46वीं अंतर क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में हुई शामिल

# शिक्षा के साथ ही खेलकूद पर भी ध्यान देना जरूरी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड द्वारा गुरूवार को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थिति में दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहरनगर में 46वीं अन्तर क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। शारीरिक मानसिक विकास के साथ खेल हमारे जीवन में अनुशासन लाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी विशेष ध्यान दें, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर्पण के साथ खेलकूद में हिस्सा लेकर अपने जिले व प्रदेश का नाम देश में रोशन करें। खेल से निश्चित रूप से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। राज्यमंत्री ने प्रतिभागी खिलाडियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी एसपी तिवारी, विद्युत मण्डल के मुख्य अभियंता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## राज्यमंत्री ने किया प्राथमिक शाला चांदमारी रोड में वृक्षारोपण



नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चांदमारी रोड धवारी में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 11 पौधे रोपे गए। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी को साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। साथ ही अभिभावकों से संपर्क कर सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश दिलाने और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में कार्य करे। जिससे बच्चे पढ-लिखकर कर देश और प्रदेश के विकास में भविष्य के निर्माता के रूप में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने में हम सब अपना योगदान दे। जिससे बच्चों के साथ समाज को नई दिशा मिल सकें। कार्यक्रम में योजना अधिकारी भूप सिंह बघेल, एडीपीसी रमसा आलोक सिंह, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अजय तिवारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र गर्ग, राहुल सोलंकी, कमल रंजन त्रिपाठी, श्रद्धा सिंह, धर्मेंद्र सेन, विनय श्रीवास्तव, पिंकू तिवारी, पं0जगन्नाथ महराज, राजकुमार पाण्डेय, प्रभात गौतम, अजय मिश्रा, कैलाश कुमार, सौरभ सिंह, सुनीता कोल, बाबादीन, छात्र-छात्रायें तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्र म का संचालन राज्य अध्यापक संघ के शैलेंद्र त्रिपाठी ने किया।

## न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा का प्रषिक्षण 9 नवम्बर से

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला स्थापना सतना में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को सायबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार 9 नवम्बर को प्रातः 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक तथा दोपहर 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक दो पालियों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के सभागार में ई दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट के ट्रेनर सतीश पाण्डेय जिला स्थापना सतना के समस्त न्यायाधीशगणों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसी प्रकार तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 13, 20, 27 नवम्बर तथा 11 और 18 दिसंबर को ई दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट सतना में ट्रेनर सतीश पाण्डेय द्वारा 30-30 कर्मचारियों के बैच में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक दो पालियों में साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## 1.29 करोड़ बहनों को मिलेगी 1250 रूपये की नवम्बर माह की किश्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1250 रूपये की नवम्बर माह की किश्त जल्द मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर से 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त माह अगस्त 2023 एवं 2024 में (कुल 2 बार) लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना के प्रारंभ में पात्र हितग्राहियों को 1000 रूपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 का संचालन किया जा रहा है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 18 हजार 984 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है। लाड़ली बहना योजना प्रदेश की सबसे बड़ी डीबीटी योजना में शामिल है। योजना के वृहद स्वरूप ने प्रदेश की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण में महती भूमिका निभाई है। इस योजना से न केवल महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा किया है बल्कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से सीधे परिचित हुई हैं। इससे परिवार के निर्णयों में भी उनकी भूमिका बड़ी है और सामाजिक रूप से महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है।

# राज्यमंत्री बागरी ने किया स्टेडियम का लोकार्पण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर के ग्राम नोनगरा में 142.50 लाख रूपये की राशि से निर्मित से स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा उपस्थित खिलाडियों को रि केट किट का भी वितरण किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। खेलों से हमारे जीवन में अनुशासन एवं परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सतना में मिला चार माह के बच्चे का शव, पॉलीथिन में लिपटा मिला

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में गुरुवार को बाजार क्षेत्र में चार महीने के बच्चे का शव मिला। शव प्लास्टिक की थैली में लिपटा हुआ था, उस पर पत्थर रखा था। सिर से खून बह रहा था। आशंका जताई जा रहा है कि बच्चे की हत्या कर उसे फेंका गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पन्नीलाल चौक के पास स्थित रामा मेडिकल के सामने गुरुवार दोपहर कुछ लोगों ने एक पॉलीथिन देखी जिस पर पत्थर रखा हुआ था। लोगों ने पत्थर हटाया तो उसमें बच्चे का शव नजर आया, उसके सिर से खून बह रहा था। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। प्राथमिक पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दो लड़के बाजार में एक बच्चे को लेकर घूमते देखे गए थे। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से उनकी तलाश में जुट गई है।

# छठ पर्व पर डूबते सूर्य को दिया अर्ध्य, संतोषी माता तालाब में महिलाओं ने की छठ की पूजा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** डूबते हुए सूर्य की उपासना का लोक पर्व डाला छठ गुरुवार को सतना में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखा और संतोषी माता तालाब पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान छठ मैया के गीत गूंजे और बैंडबाजे की धुन के बीच खूब आतिशबाजी भी हुई।



संतोषी माता मंदिर के तालाब के किनारे व्रतधारी महिलाओं की भीड़ उमड़ी। व्रतधारी महिलाएं अपने परिजनों के साथ भगवान भास्कर और छठ माता के पूजन की सामग्री और भोग प्रसाद लेकर मंगल गीत गाते पहुंचीं। लोगों ने पूजन सामग्री और भोग लगाने के लिए बनाए गए पारंपरिक पकवानों और फ्ल आदि का डाला ; टोकरा द्ध सिर पर उठा रखा था। व्रतधारी महिलाओं ने पूजा स्थल पर छठ माता की विधानपूर्वक पूजा अर्चना कीए सिंदूर और सौभाग्य की अन्य वस्तुएं समर्पित कींए भोग लगाकर आरती उतारी और जल में उतर कर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे तक चलने वाला कठिन निर्जला व्रत पूर्ण किया। इस दौरान पूजा स्थल में भक्ति संगीत गूंजता रहा और शानदार आतिशबाजी भी होती रही।

**सुबह देंगी उगते सूर्य को अर्घ्य:** व्रतधारी महिलाएं शुक्र वार सुबह भी संतोषी माता मंदिर के तालाब स्थित पूजा स्थल पहुंचेंगी और उगते सूर्य को अर्घ्य समर्पित करेंगीं। सतना में छठ पूजा समिति की तरफ से अर्घ्य के लिए दूध का प्रबंध इस बार भी हमेशा की तरह किया गया है। इसके अलावा पूजा स्थल पर चाय के वितरण की व्यवस्था भी की गई है।



**प्रशासन ने किए इंतजाम:** प्रशासन ने छठ पूजा के मद्देनजर संतोषी माता तालाब में सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। परिसर की साफसफाई और रंग रोगन के साथ यहां प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। महापौर योगेश ताम्रकार ए स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन ए पार्षद अभिषेक तिवारी अंशू एआदित्य यादव ए कांग्रेस नेता अजय सोनी ने पूजा स्थल पर व्रतधारियों और उनके परिजनों को डाला छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। छठ पूजा समिति के लक्ष्मी यादव ए इंजीनियर केएल यादव ए प्रभु दयाल शर्मा के अलावा रामपाल यादव ए सुरेंद्र शर्माए महेंद्र त्रिपाठी एमुरारी सोनी आदि पूजा स्थल पर मौजूद रहे।

## अब 12 नवम्बर देवउठनी ग्यारस को रहेगा स्थानीय अवकाश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुभाग 4 के प्रावधानों के तहत जिले के लिये घोषित तीन स्थानीय अवकाश में से 1 नवम्बर 2024 शुक्र वार को दीपावली का दूसरा दिन का घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त करते हुये इसके स्थान पर 12 नवम्बर 2024 मंगलवार को देवउठनी ग्यारस का स्थानीय अवकाश घोषित किया हैं।

## आउटरीच कार्यक्रम का संचालन संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों/पूर्व सैनिकों की विधवाओं/आश्रितों के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा सतना द्वारा गुरूवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में एक आउटरीच कार्यक्र म का संचालन किया गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सतना के दल द्वारा पूर्व सैनिकों के ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र सबमिट किये गये तथा स्पर्श पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गईं। कार्यक्र म का संचालन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कमाण्डर सेवा निवृत्त राम विशाल यादव ने किया।

## एएनएम की नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का परीक्षण आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों ने एएनएम (महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में हैं। वे नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण हेतु पूर्व आवंटित जिला सतना में 8 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना के समक्ष समस्त दस्तावेजों एवं न्यायालय के निर्णय की सर्टीफाइड कॉपी के साथ उपस्थित हो सकती हैं।

### कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में की गई परियोजना की समीक्षा

# सीतापुर-हनुमना सिंचाई परियोजना से 653 गांव होंगे लाभान्वित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विन्ध्य की महत्वकांक्षी सीतापुर-हनुमना माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा की। इसके लिए शासन द्वारा 4167.93 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। परियोजना निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी से 3700.89 करोड़ का अनुबंध हो गया है। बैठक में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सीतापुर-हनुमना सिंचाई परियोजना से मऊगंज, सीधी और सिंगरौली जिले के किसानों की तकदीर और खेती की तस्वीर बदल जाएगी। इस परियोजना से 653 गांवों में एक लाख 20 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना का निर्माण कार्य समय पर शुरू कराने के लिए राजस्व, वन तथा जल संसाधन विभाग समन्वय से प्रयास करके आवश्यक स्वीकृति जारी कराएं।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना का बांध सीधी जिले में अमिलिया के पास सोन नदी में प्रस्तावित किया गया है। यह क्षेत्र सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में स्थित है। निर्माण कार्यों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति, वन्यजीव संरक्षण संबंधी स्वीकृति तथा अन्य स्वीकृति आवश्यक होंगी। इसके लिए जल संसाधन विभाग ऑनलाइन आवेदन कर दे। वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से जल संसाधन विभाग परियोजना की मंजूरी के लिए प्रोजेक्ट तैयार कर लें। इसके लिए विशेषज्ञ की भी सलाह ले सकते हैं। इस सिंचाई परियोजना से लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। घड़ियाल के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बांध का निर्माण कराएं, जिससे विकास के कार्यों के साथ वन्य जीवों के संरक्षण में भी किसी तरह का प्रभाव न पड़े।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुती सिंचाई परियोजना के शेष निर्माण कार्य को पूरा करके किसानों को दिसम्बर माह तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा दें। नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य एक माह में पूरा कराएं। अधूरे निर्माण कार्य 30 नवम्बर तक पूरा कराकर दिसम्बर माह में नईगढ़ी एक परियोजना में सात हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएं।

बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन ने बताया कि सीतापुर-हनुमना सिंचाई परियोजना में सोन नदी पर 268.90 एमसीएम क्षमता का बांध बनाया जाएगा। इससे सोन घड़ियाल के बेसिन में 2000 हेक्टेयर जमीन, 1290 हेक्टेयर निजी भूमि तथा 15 हेक्टेयर वन भूमि डूब क्षेत्र में आएगी। बांध से रीवा जिले के 11 गांवों में 3000 हेक्टेयर, मऊगंज में 399 गांवों में 62500 हेक्टेयर, सीधी जिले में 140 गांवों में 26500 हेक्टेयर तथा सिंगरौली जिले के 103 गांवों में 28000 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। बैठक में क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व अमित दुबे ने कहा कि प्रस्तावित बांध सोन नदी पर बनाया जा रहा है। सोन नदी पर पूर्व से ही बाणसागर बांध निर्मित है, जिसके पानी के उपयोग के लिए मध्यप्रदेश सहित तीन राज्यों के बीच में समझौता है। प्रस्तावित बांध सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में स्थित है। इसके निर्माण के लिए राज्य और केन्द्र शासन तक प्रस्ताव भेजने होंगे। घड़ियालों के संरक्षण को ध्यान में रखकर ही कार्ययोजना बनानी होगी। बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय वास्तव, एडीएम मैहर शैलेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता जल संसाधन एके डेहरिया, कार्यपालन यंत्री विनोद ओझा, कार्यपालन यंत्री बीपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के कंसल्टेन्ट सेवानिवृत्त सीएफ एसपीएस तिवारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई रीवा में अप्रेंटिशिप ड्राइव 11 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभागीय आईटीआई रीवा में 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से अप्रेंटिशिप ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिशिप ड्राइव मेले में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, विन्ध्या टेलीलिंक्स, वार्नर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, जीएमसीसी मीडिया लिमिटेड, रेयान इलुमिनेशन इनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड तथा बॉटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार का अवसर पाने के लिए आईटीआई, डिप्लोमा अथवा स्नातक व्यवसाय के लिए पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश आयुक्त द्वारा दिये गये है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिये पोर्टल शीघ्र ही खुलेगा। जिसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।